# वरुण धवन ने पिता संग देखा 'बिग बॉस 20', सलमान खान के अंदाज की जमकर की तारीफ

मुंबई (एजेंसी)। 'बिग बॉस 20' का ये 'वीकेंड का वार' इन दिनों पर हरफ चर्चा में छाया हुआ है। शो के हालिया एपिसोड में सलमान खान एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में नजर आए। जहां उन्होंने घरवालों को रियेलिटी चेक देने के साथ-साथ एक्टर्स की बॉडी या उम्र को लेकर मजाक उड़ाने वालों को सीधे-सीधे तौर पर जवाब दिया और खूब खरी-खोटी सुनाई। साथ ही, उन्होंने पैपराजी को भी गलत एंगल से एक्टर्स की तस्वीरें और वीडियो लेने और शेयर करने को लेकर टोका और एक्टर्स से अपील की कि जब भी कोई पैपराजी उनकी गलत एंगल से तस्वीरें लें, वह उन्हें टोकने से न हिचकिचाएं। सलमान खान के इस दबंग अंदाज को देखने के बाद वरुण धवन से लेकर नेहा धूपिया तक कई सेलेब्स ने प्रतिक्रिया दी और सुपरस्टार को लेकर अपना समर्थन जाहिर किया।


**सलमान खान ने ट्रोल्स की लगाई क्लास**

'वीकेंड का वार' के इस एपिसोड के दौरान सलमान खान ने खुलकर सेलेब्स की ट्रोलिंग के बारे में बात की। उन्होंने वरुण धवन और सोहेल खान को ट्रोल किए जाने पर नाराजगी जताई और कहा, 'यह कहना कि 'भाई, आप बीमार लग रहे हैं, आपका वजन बहुत कम हो गया है' - ये समझ आता है, यह चिंता जताना है। लेकिन सोहेल और वरुण का उनके लुक को लेकर मजाक उड़ाना? यह पूरी तरह से गलत है।' दरअसल, वरुण धवन को अक्सर उनकी स्माइल के लिए ट्रोल किया जाता है, जिसे लेकर सलमान खान ने नाराजगी जताई।

**वरुण धवन ने पिता डेविड धवन के साथ देखा 'बिग बॉस 20' का लेटेस्ट एपिसोड**

वरुण धवन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'बिग बॉस 20' की एक क्लिप शेयर की, जिसमें वह अपने पिता डेविड धवन के साथ बैठकर शो देखते नजर आए। वरुण धवन और डेविड धवन सलमान के इस कदम से काफी प्रभावित हुए। वरुण और उनके पिता डेविड धवन ने सलमान के इस बर्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया दी। वरुण







ने 'बिग बॉस वीकेंड का वार' में सलमान के इस कदम पर अपने पिता की प्रतिक्रिया का एक वीडियो शेयर किया और साथ ही क्लैप इमोजी भी पोस्ट किया।

**सलमान खान ने पैपराजी की भी लगाई क्लास**

बिग बॉस 20 के हालिया एपिसोड में सलमान खान ने एक्ट्रेसेस की पीछे से और गलत एंगल से तस्वीरें लेने के लिए पैपराजी की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'और फिर वे जो पीछे से शॉट लेते हैं, जो किसी भी हीरोइन को अच्छा नहीं लगता? कुछ ऐसी हो सकती हैं, जो कहें कि मुझे कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन, उन लोगों का क्या, जिन्हें ये पसंद नहीं है? मैंने हाल ही में देखा कि इसके चलते सई मांजरेकर को बहुत असहजता महसूस हुई, नेहा धूपिया ने भी ऐसे शॉट्स के खिलाफ आवाज उठाई। मेरी अपनी भतीजी चल रही थी, और वे पीछे से फोटो खींच रहे थे, उसके मना करने के बाद बी। और कैप्शन में क्या लिखा था? अंदाजा लगाइए कि यह कौन है? वे ऐसा करने वाले कौन होते हैं?'

**सलमान खान की लड़कियों से अपील**

गुस्से में सलमान खान ने आगे कहा, 'जिन भी लड़कियों को ये पसंद नहीं है, मैं उन सभी से ये कहना चाहता हूं कि जब भी ऐसा हो, घूमकर उन्हें थप्पड़ मारो। उनसे कहो कि अपनी मां-बहनों की ऐसी फोटो खींचें और तुम्हें दिखाएं। घटिया लोग। वे हर फंक्शन, हर जगह ऐसा ही करते हैं।' नेहा धूपिया ने भाईजान के इस दबंग अंदाज और महिलाओं के लिए आवाज बुलंद करने के लिए तारीफ करते हुए कहा 'टाइगर जिंदा है...' और सलमान की बात की सराहना करते हुए उन्हें टैग किया।

**'बिग बॉस 20' के कंटेस्टेंट**

6 सितंबर को ही 'बिग बॉस 20' का प्रीमियर हुआ, जिसमें सलमान खान ने 16 कंटेस्टेंट्स का स्वागत किया। मैरी कॉम, माही विज, आम्रपाली दुबे, अरिशफा खान, अमन गांधी, काजी अहमद तौकीर, कुशल तंवर (गुल्लू), हर्ष मचारे (यंग डीसीए), ईशा रिखी, रोहेद खान, रिति तिवारी, आसिफ खान, तन्मय सिंह (स्काउट) और कनिका मान ने बतौर कंटेस्टेंट बिग बॉस 20 में एंट्री ली है।

# जेनिफर विंगेट ने विलियम इश्माइल संग की दूसरी बार शादी

मुंबई (एजेंसी)। जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके के बाद गोवा में क्रिश्चियन वेडिंग की है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैंस को कपल के सेलिब्रेशन की कुछ खास झलक भी देखने को मिली, जो गोवा की थी। इस कपल ने जुलाई में UK में एक छोटी सी सेरेमनी में शादी की थी और अपने दोस्तों को एक रंगीन सेलिब्रेशन का हिस्सा बना लिया, जिसमें टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने-पहचाने चेहरे शामिल थे। इस गैदरिंग के वीडियो और फोटो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर, करण वाही, रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, मंदिरा बेदी, शब्बीर अहलूवालिया और दूसरों के साथ सेलिब्रेशन का मजा लेते



नजर आ रहा है। जेनिफर विंगेट ने अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गोवा वेडिंग की, जो झलक शेयर की है। उसमें वह जेनिफर और विलियम एक-दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते दिख रहे हैं।


यह पार्टी UK में जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल की वेडिंग के दो महीने बाद हुई। मंदिरा बेदी ने गोवा में सेलिब्रेशन करवाया, जबकि हरलीन सेठी ने जश्न के दौरान गुलदस्ता पकड़ा। गोवा सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर और विलियम अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं। जेनिफर और करण सालों से दोस्त हैं।

उन्होंने 'दिल मिल गए' और हाल ही में 'रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी' में साथ काम किया है। शादी में उनकी मौजूदगी उन्ही खास पलों में से एक थी, जिसने सोशल मीडिया पर सबका ध्यान खींचा। रितेश और जेनेलिया भी नए शादीशुदा जोड़े के साथ जश्न मनाते दिखे, जबकि एक वीडियो जेनिफर और जेनेलिया एक-दूसरे को गले लगाते दिखाई दिए।

# मृणाल ठाकुर की 4 साल से अटकी थ्रिलर फिल्म अब होगी रिलीज

मुंबई (एजेंसी)। मृणाल ठाकुर और हुमा कुरैशी अब अपनी अपकमिंग फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। ये फिल्म करीब 4 साल से रिलीज के इंतजार में है, लेकिन अब तक ये फिल्म रिलीज नहीं हो सकी थी। फिल्म का काम 2022 में ही पूरा हो गया था, पोस्ट प्रोडक्शन काम भी पूरा हो गया था, लेकिन कुछ वजहों से ये सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाई। लेकिन, अब 4 साल के इंतजार के बाद ये फिल्म आखिरकार ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। नवजोत गुलाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का टीजर जारी करते हुए मेकर्स ने इसकी रिलीज का ऐलान किया है। तो चलिए जानते हैं कि ये फिल्म कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

हुमा कुरैशी और मृणाल ठाकुर स्टारर 'पूजा मेरी जान' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म का टीजर जारी करते हुए ऐलान



किया कि फिल्म 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती के मौके से जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। टीजर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा गया- 'कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो आपको ये सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि आप क्या देख रहे हैं। कुछ ऐसी होती हैं जो आपको अपनी मान्यताओं पर सवाल उठाने को मजबूर कर देती हैं। लेकिन, ये कहानी ऐसी है जो आपको इन सबके बीच की हर एक चीज पर सवाल उठाने को मजबूर कर देगी।'

दिनेश विजान और अमर कौशिक द्वारा प्रोड्यूस की गई 'पूजा मेरी जान' का टीजर हाल ही में जारी किया गया है, जो प्यार के जुनून, आरोपों और पूर्वाग्रहों के परेशान करने वाले नतीजे दिखाती है। टीजर की शुरुआत एक मैसेज के साथ होती है, जिसमें लिखा है - 'डियर पूजा, अगर तुम हां बोल दो तो हमारा प्यार इतिहास बनाएगा और अगर तुमने ना कहा तो मैं इतिहास बन जाऊंगा।' 36 सेकेंड के इस टीजर से कहानी का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है, लेकिन ये समझ जरूर आता है कि फिल्म में जहां हुमा कुरैशी एडवोकेट की भूमिका में दिखाई देंगी तो वहीं मृणाल ठाकुर टॉक्सिक प्यार में उलझी महिला के रोल में होंगी। कुल मिलाकर ये एक लव स्टोरी थ्रिलर है, जिसका टीजर जारी होने के बाद दर्शक इसे लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।


वर्क फ्रंट की बात करें तो मृणाल ठाकुर 2026 में अब तक तीन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उनकी हालिया रिलीज 'है जवानी तो इश्क होना है' थी, जिसमें उनके साथ वरुण धवन और पूजा हेगड़े भी मुख्य भूमिका में थे। इसके अलावा वह अदिवि शेष के साथ 'डकैतः अ लव स्टोरी' और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'दो दीवाने सहर में' दिखाई दीं। वहीं हुमा कुरैशी 'बेबी डू डाय डू' में नजर आईं, जिसमें उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई। इसके अलावा वह इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' भी भी नजर आईं, जिसमें यश लीड रोल में हैं और उनके अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत भी इस फिल्म में अहम भूमिका में हैं। 'धुरंधर' डायरेक्टर आदित्य धर सहित कई चर्चित हस्तियों ने यश की फिल्म की जमकर तारीफ की, लेकिन 'टॉक्सिक' उम्मीद के मुताबिक कमाल नहीं दिखा सकी।

## सेहत

# इन पोषक तत्वों की कमी से हो सकती है पैरों में सूजन

अपने पैरों के ऊपर पांच सेकेंड तक उंगली से दबाएं। अगर वहां गड्ढा बन रहा है और वह जल्दी गायब नहीं हो रहा तो आपको अपनी सेहत को लेकर सावधान हो जाना चाहिए। आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ (Ayurveda & Unani Medicine Expert) डॉक्टर सलीम जैदी कहते हैं इस स्थिति का मेडिकल नाम है पिटिंग एडिमा। इस स्थिति में थकान, कमजोरी और पैरों में सूजन, होना सामान्य लक्षण हैं।

विटामिन बी 1: विटामिन बी 1 यानी थायमिन की कमी का असर सीधे आपके हार्ट और पैरों की नसों पर पड़ता है। मेडिकल साइंस में इस कंडीशन को वेट बेरीबेरी (Wet Beriberi) कहते हैं। जब शरीर में विटामिन बी 1 कम होता है तो उस वजह से ब्लड वेसल्स ढीली पड़ जाती हैं। किडनी नमक को रोकने लगती है जिससे आपके पैरों में पानी भरने लगता है। ऐसे में अपने शरीर में विटामिन बी 1 को नेचुरली बढ़ाने के लिए आप कद्दू के बीज का सेवन करें। इसमें भरपूर मात्रा में यह विटामिन पाया जाता है। आप इसका सेवन भूनकर और पाउडर दोनों रूप में कर सकते हैं। इसके अलावा आप मूंगफली, काला चना, राजमा, ब्राउन राइस, ओट्स और लोबिया का भी सेवन करें, इनमेब भी अच्छी मात्रा में विटामिन बी 1 पाया जाता है।



पोटेशियमः पोटेशियम की मात्रा शरीर में जितनी ज़्यादा होगी आपके पैरों में पानी और सूजन उतना ही कम होगा। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) और WHO के अनुसार वयस्कों को प्रतिदिन कम से कम 3,510 mg पोटेशियम लेना चाहिए। ऐसे में शरीर में इसकी मात्रा बढ़ाने के लिए मीडियम बॉयल शकरकंदी में 400 से 500 मिलीग्राम, ढाई सौ ग्राम नारियल पानी में 400 से 600 मिलीग्राम , एक कप पालक में 800 से 850 मिलीग्राम पोटेशियम मिल सकता है। वहीं अगर आप एवोकैडो का सेवन करते हैं तो एक एवोकैडो में आप 900 के ऊपर पोटेशियम मिल जाएगा। लेकिन अगर आप हार्ट या किडनी के मरीज हैं तो शरीर में पोटेशियम बढ़ने से पहले डॉक्टर से जरूर कंसल्ट करें।

मैग्नीशियमः मैग्निशयम कम होने से नसें सिकुड़ जाती हैं और इस वजह से पैरों में सूजन आ सकती है और रात के समय पिंडलियों में अकड़न आने लगती है।

ऐसे में इसकी कमी को पूरा करने के लिए दो चम्मच कद्दू के बीज, भीगे हुए बादाम और काजू, डार्क चॉकलेट, राजमा और चिया सीड्स भी मैग्नीशियम को बढ़ाती है।

प्रोटीन: जब आपके शरीर में प्रोटीन की कमी होती है तब उस वजह से भी पैरों में सूजन की समस्या बढ़ जाती है। प्रोटीन के लिए आप रोजाना दूध, दही, पनीर स्प्राउट्स और दाल का सेवन करें। साथ ही चीनी और नमक का सेवन बंद करें। आधे घंटे वॉक करें। इससे सूजन की समस्या कंट्रोल हो सकती है।

# औषधीय गुणों से भरपूर है कलौंजी

कलौंजी का इस्तेमाल तड़के से लेकर अचार में स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसकी सुगंध खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। लेकिन क्या आप जानते हैं यह छोटा मसाला सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉक्टर शुभम वात्स्य ने अपने यू ट्यूब पेज पर वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि कलौंजी के बीजों में थाइमोक्विनोन नामक पावरफुल बायोएक्टिव कंपाउंड होता है, जो अपने एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुणों के लिए जाना जाता है। ऐसे में कलौंजी का अगर सही तरीके से सेवन किया जाए तो यह सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। चलिए जानते हैं इसके फायदे और इस्तेमाल का तरीका?

**कलौंजी खाने के फायदे**

**सूजन होता है कंट्रोलः** शरीर में मौजूद सूजन गम्भीर बीमारियों की वजह बन सकती है ऐसे में आप कलौंजी के एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, सूजन और इन्सुलिन रेजिस्टेंस को कम करते हैं। जिससे पाचन और मेटाबॉलिक कार्यप्रणाली में सुधार होता है।

**ब्लड शुगर और बैड कोलेस्ट्रॉल होता है कंट्रोल:** डॉक्टर शुभम वात्स्य के अनुसार, कलौंजी से फास्टिंग ब्लड शुगर एचबीएवेसी (HbA1c), बैड कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड और लिवर एन्ज़ाइम में इम्प्रूवमेंट होता है। खासकरयह डायबिटीज, फैटी लिवर और बैड कोलेस्ट्रॉल में बेहद फायदेमंद है। तो अगर आपका ब्लड शुगर बढ़ा है आय बैड कोलेस्ट्रॉल इस मसाले का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**वजन होता है कमः** अगर आपका वजन बढ़ा हुआ है तो इसे कंट्रोल करने के लिए कलौंजी का सेवन कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मेटाबॉलिज्म को फास्ट करते हैं जो आपका बढ़ा हुआ वजन कम करने में मददगार है।

**गट हेल्थ होती है बेहतरः** डॉक्टर शुभम वात्स्य के अनुसार, कलौंजी गट हेल्थ को भी बेहतर करती है। इसमें मौजूद थाइमोक्विनोन और कार्मिनेटिव गैस, ब्लोटिंग, अपच जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं में बेहद कारगर है।

# पाचन तंत्र के लिए कैसे काम करता है जीरा पानी?

नियमित रूप से जीरा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। भारतीय रसोई का यह मुख्य मसाला न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इसमें कई औषधीय गुण भी छिपे होते हैं। सुबह खाली पेट जीरा पानी पीने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट जीरा पानी पीना आज के समय में एक बेहद फेमस हेल्थ ट्रेंड भी बन चुका है। दादी-नानी के नुस्खों से लेकर डायटीशियंस तक, हर कोई पाचन को दुरुस्त रखने के लिए इसे पीने की सलाह देता है। लेकिन क्या वाकई यह रोजाना पीने से पाचन की समस्याएं दूर होती हैं? आइए जानते हैं।

जीरे में थाइमोल नामक तत्व पाया जाता है। यह तत्व हमारे पेट में पाचक रसों और पित्त के डिस्चार्ज को उत्तेजित करता है। जब पाचक रस सही मात्रा में बनते हैं, तो भोजन को पचाने की प्रक्रिया तेज और आसान हो जाती है। रोजाना जीरा पानी पीने से पाचन से जुड़ी इन समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

**ब्लोटिंग और गैस से राहत**

जीरे में एंटी-फ्लैटुलेंट गुण होते हैं। यह आंतों में गैस बनने की प्रक्रिया को रोकता है, जिससे पेट फूलने और भारीपन की समस्या दूर होती है।

**मेटाबॉलिज्म में सुधार**

यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे न सिर्फ खाना जल्दी पचता है बल्कि वजन नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है।

**एसिडिटी को करे कम**

जीरा पानी पेट के एसिड स्तर को संतुलित करने में मदद करता है, जिससे सीने में जलन और खट्टी डकारें आना बंद होती हैं।

**आंतों की सेहत के लिए**


इसमें मौजूद एंटी-माइक्रोबियल गुण आंतों के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करते हैं और अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं।

**क्या रोजाना इसे पीना पूरी तरह सुरक्षित है?**

आम तौर पर, रोजाना एक गिलास गुनगुना जीरा पानी पीना ज्यादातर लोगों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और फायदेमंद है।

# लिवर खराब होने का इंतजार क्यों? बीमारी को पकड़ने के लिए करा लें ये 5 टेस्ट

शरीर का सबसे बड़ा, मजबूत और महत्वपूर्ण अंग हमारा लिवर है। लिवर खाना पचाने, शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकालने, एनर्जी स्टोर करने और कई जरूरी प्रोटीन बनाने का काम करता है। लेकिन समस्या यह है कि लिवर की कई बीमारियां शुरुआती दौर में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखातीं। जब तक थकान, पीलिया, पेट में सूजन या तेज दर्द जैसे संकेत दिखाई देते हैं, तब तक कई मामलों में बीमारी काफी आगे बढ़ चुकी होती है। इसीलिए केवल लक्षणों का इंतजार करने के बजाय समय पर जांच कराना बेहतर होता है। डॉक्टर रमेश गर्ग (सीनियर डायरेक्टर और HOD, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग) ने कुछ सामान्य ब्लड टेस्ट और स्क्रीनिंग के बारे में बताया है जो लिवर की स्थिति का समय रहते पता लगाने में मदद कर सकते हैं। आइये जानते हैं लिवर के लिए कौन से टेस्ट कराने चाहिए?



**लिवर की जांच कौन सी होती है?**

लिवर फंक्शन टेस्ट (LFT)- यह सबसे जरूरी जांचों में से एक है। इसमें SGOT (AST), SGPT (ALT), बिलीरुबिन और अन्य पैरामीटर देखे जाते हैं, जिनसे पता चलता है कि लिवर सही तरीके से काम कर रहा है या नहीं। फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और अन्य लिवर संबंधी समस्याओं के शुरुआती संकेत इससे मिल सकते हैं।

हेपेटाइटिस बी और सी की जांच- हेपेटाइटिस बी और सी वायरस लंबे समय तक बिना किसी लक्षण के शरीर में रह सकते हैं और धीरे-धीरे लिवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। समय पर इनकी पहचान होने से इलाज शुरू किया जा सकता है और गंभीर जटिलताओं का खतरा कम किया जा सकता है।

फैटी लिवर की स्क्रीनिंग- आज के समय में गलत खानपान, मोटापा, डायबिटीज और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टर की सलाह पर ब्लड टेस्ट और जरूरत पड़ने पर अल्ट्रासाउंड जैसी जांच से इसकी पहचान की जा सकती है। इससे फैटी लिवर का पता लगाया जा सकता है।

लिपिड प्रोफाइल और ब्लड शुगर टेस्ट- कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर का असंतुलन भी लिवर की सेहत को प्रभावित करता है। अगर ये स्तर लगातार बढ़े रहें तो फैटी लिवर और अन्य मेटाबॉलिक समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए इनकी नियमित जांच भी जरूरी है।

फाइब्रोसिस या लिवर डैमेज की जांच- अगर किसी व्यक्ति को लंबे समय से फैटी लिवर, हेपेटाइटिस या शराब के अधिक सेवन का इतिहास है, तो डॉक्टर जरूरत के अनुसार ऐसी जांच की सलाह दे सकते हैं, जिससे यह पता चलता है कि लिवर में स्थायी नुकसान या फाइब्रोसिस तो नहीं हो रही।

लिवर की देखभाल केवल जांच तक सीमित नहीं है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ वजन बनाए रखना, शराब का सीमित या बिल्कुल सेवन न करना और डॉक्टर की सलाह के बिना दवाइयां न लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# गर्मियों में मूंगफली को भिगोकर खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं?

गर्मियों के मौसम में मूंगफली को कच्चा या भूनकर खाने के बजाय भिगोकर खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। मूंगफली की तासीर गर्म होती है, लेकिन जब हम इसे रातभर पानी में भिगो देते हैं, तो इसकी तासीर ठंडी हो जाती है। इससे यह गर्मियों में भी शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती। मूंगफली को भिगोकर खाने से एनर्जी मिलती है और साथ ही हार्ट हेल्थ भी बेहतर रहता है। इसके अलावा भी ये सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचाती है। ऐसे में चलिए जानते हैं गर्मियों में मूंगफली को भिगोकर खाने से क्या फायदे होते हैं।

**1. पाचन क्रिया के लिए**

कच्ची मूंगफली में 'फाइटिक एसिड' नाम का एक तत्व होता है, जो पेट में भारीपन और गैस की समस्या पैदा कर सकता है। पानी में भिगोने से यह एसिड निकल जाता है और मूंगफली में मौजूद फाइबर आसानी से पच जाता है। इससे गर्मियों में होने वाली कब्ज, अपच और एसिडिटी की समस्या से राहत मिलती है।

**2. पोषक तत्वों सोर्स**

भिगोने की प्रक्रिया से मूंगफली के भीतर छिपे विटामिन्स और मिनरल्स एक्टिव हो जाते हैं। हमारा शरीर भीगी हुई मूंगफली में मौजूद आयरन, कैल्शियम, विटामिन-ई और पोटेशियम को बहुत आसानी से सोख लेता है, जिससे शरीर को पूरा पोषण मिलता है।

**3. दिनभर बनी रहती है एनर्जी**

गर्मियों में अक्सर धूप और पसीने के कारण शरीर जल्दी सुस्त होने लगता है। भीगी हुई मूंगफली में भरपूर मात्रा में प्रोटीन और हेल्दी फैट्स होते हैं। सुबह खाली पेट इसे खाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म सुधरता है और आपको दिनभर एनर्जेटिक महसूस होता है।

**4. दिल की सेहत और ब्लड सर्कुलेशन**

भीगी हुई मूंगफली में ओमेगा-3 फैटी एसिड और कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं। यह शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करती है। इसके नियमित सेवन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक
# दैनन्दिनी.

सोमवार 21 सितंबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

## जिला चिकित्सालय में 56 वर्षीय हिंगा को मिला जीवनदान

**सुकमा।** असहनीय दर्द और चलने-फिरने से पूरी तरह लाचार 56 वर्षीय हिंगा जब सुकमा के जिला अस्पताल पहुंचे, तो उनके और परिवार के चेहरे पर अनिश्चितता व बेबसी साफ झलक रही थी। वनांचल क्षेत्र के किसी सामान्य परिवार के लिए कूल्हे की गंभीर चोट का मतलब होता हैकृमहीनों का बिस्तर, बड़े शहर के महंगे अस्पतालों के चक्कर और आर्थिक तंगी का गहरा संकट। डॉक्टरों ने जब जांच की, तो उनके बाएं कूल्हे (फीमर नेक) में गंभीर फ्रैक्चर पाया गया, जिसके लिए तुरंत जटिल सर्जरी की जरूरत थी। आमतौर पर ऐसे नाजुक मामलों में मरीजों को रायपुर, जगदलपुर या विशाखापट्टनम जैसे महानगरों के लिए रेफर कर दिया जाता है, लेकिन इस बार सुकमा ने अपनी स्वास्थ्य क्षमता की नई मिसाल पेश की। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार वर्मा और उनकी एनेस्थीसिया व ओटी टीम ने चुनौती स्वीकार की। गहन चिकित्सकीय परीक्षणों के बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने कुशलतापूर्वक यह जटिल शल्य क्रिया संपन्न कर मरीज को दर्द से मुक्ति दिलाई और फिर से पैरों पर खड़े होने की उम्मीद जगाई।

## राजमिस्त्री बनेंगे ग्रामीण हितग्राही, रोजगार की राह होगी आसान

**सुकमा।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अब केवल पक्की छत का सपना पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण हितग्राहियों को कौशल और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम भी बन रही है। कलेक्टर अमित कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के हितग्राहियों को कुशल राजमिस्त्री के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर हासिल कर सकें और आवास निर्माण में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत पोलमपल्ली में आरसेटी सुकमा की टीम ने 35 हितग्राहियों की काउंसलिंग की। इन हितग्राहियों के लिए बुधवार, 23 सितंबर से राजमिस्त्री प्रशिक्षण के नए बैच की शुरुआत होगी। वहीं ग्राम पंचायत पुनपल्ली में 35 हितग्राहियों का प्रशिक्षण वर्तमान में जारी है, जबकि पुनर्वास केंद्र, सुकमा के 35 हितग्राहियों को ऑन-कैंपस राजमिस्त्री प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

दूरस्थ एवं नियद नेल्लानार क्षेत्रों में संचालित इन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीणों को आवास निर्माण की तकनीकी जानकारी के साथ व्यावहारिक दक्षता भी प्रदान की जा रही है।

## किसान वृक्ष मित्र योजना से किसानों को मिला आय का नया आधार

**मोहला।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित किसान वृक्ष मित्र योजना मोहला वनमंडल में किसानों के लिए हरियाली के साथ-साथ अतिरिक्त आय का नया आधार बन रही है। योजना के तहत किसानों को उनकी निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के पौधरोपण के लिए वन विभाग द्वारा संपूर्ण सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

### 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में वित्त मंत्री ने कहा—2047 तक विकसित भारत के साथ कदमताल करता विकसित छत्तीसगढ़ बनाना लक्ष्य

# लघु उद्योगों और एमएसएमई को मजबूत बनाकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का रोडमैप तैयार कर रही सरकार : ओ.पी. चौधरी

**रायपुर ■ दैनन्दिनी**

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में एमएसएमई, स्टार्टअप, उद्योग, रोजगार और निवेश की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण देश का लक्ष्य और ध्येय है। इसी विकास यात्रा में छत्तीसगढ़ भी देश के अग्रणी राज्यों के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार दीर्घकालिक रोडमैप के साथ काम कर रही है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए स्पष्ट रोडमैप के साथ कार्य प्रारंभ किया है। विकास के साथ देश की विरासत और सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और आने वाले वर्षों में देश के विकास की गति को और तेज करने के लिए संरचनात्मक सुधारों तथा दीर्घकालिक नीतियों की आवश्यकता है।



**'छत्तीसगढ़ अंज़ोर विजन डॉक्यूमेंट' के माध्यम से 2047 के विकास का रोडमैप**

वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 'अंज़ोर विजन डॉक्यूमेंट' तैयार कराया गया है। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य को देश के साथ कदमताल करते हुए अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आगे बढ़ना है और राष्ट्र के विकास के महायज्ञ में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करनी है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 का लक्ष्य केवल दूरगामी लक्ष्य नहीं है। इसके लिए 2030 और 2035 जैसे मध्यकालिक लक्ष्यों के साथ अल्पकालिक और वार्षिक लक्ष्य भी निर्धारित किए जा रहे हैं, ताकि दीर्घकालिक विजन को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा सके।

**दीर्घकालिक सोच के साथ आर्थिक सुधारों पर जोर**

मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि देश के विकास के लिए दीर्घकालिक योजना और भविष्य को ध्यान में रखकर नीतियां बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले भी 21वीं सदी और विजन 2020 जैसे लक्ष्य निर्धारित किए, लेकिन उनके अनुरूप दीर्घकालिक रोडमैप और आवश्यक नीतिगत सुधारों का अभाव रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991 का आर्थिक संकट देश के लिए गंभीर चुनौती था और उस दौर की आर्थिक परिस्थितियों से सबक लेते हुए भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार तैयार करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप अनेक क्षेत्रों में दीर्घकालिक निर्णय लिए जा रहे हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में बड़े निवेश इसी व्यापक विकास दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। इनका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की नींव तैयार करना है।

**एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण आधार**

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में सर्विस सेक्टर का तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग और विशेष रूप से लेबर इंटेंसिव मैन्युफैक्चरिंग को और विस्तार देने की आवश्यकता है। रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए लघु उद्योगों, एमएसएमई और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करने के साथ-साथ सप्लाई चेन को मजबूत करते हैं। इसलिए प्रदेश में एमएसएमई, स्टार्टअप, विनिर्माण, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

श्री चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में उद्योग जगत, उद्यमियों और लघु उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार का प्रयास है कि नीतिगत सुधारों, निवेश के अनुकूल वातावरण और उद्यमिता को प्रोत्साहन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता को नई गति दी जाए।

## किसान क्रेडिट कार्ड से आसान हुई खेती की राह, साहूकारों पर निर्भरता घटी

**सुकमा।** छिंदगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिपुरपाल निवासी किसान राजेश कुमार नाग के लिए किसान क्रेडिट कार्ड खेती-किसानी में आर्थिक सहारा बनकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि पहले खेती के लिए खाद-बीज और अन्य कृषि आवश्यकताओं की व्यवस्था करने के लिए बड़े साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था, जिस पर अधिक ब्याज देना पड़ता था। इससे खेती की लागत और आर्थिक दबाव दोनों बढ़ जाते थे। राजेश नाग ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड बनने के



बाद बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से कृषि कार्यों के लिए ऋण की सुविधा मिल रही है, जिससे साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है। उन्होंने कहा कि समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध होने से खाद-बीज की व्यवस्था करना आसान हुआ है और धान की फसल लेने में भी काफी सुविधा मिल रही है। उनके अनुसार, केसीसी ने खेती को अधिक व्यवस्थित तरीके से करने में मदद की है।

किसान राजेश कुमार नाग ने किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केसीसी की सुविधा के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि बैंक के माध्यम से कृषि ऋण की उपलब्धता से किसानों को खेती के समय आर्थिक संबल मिल रहा है।

## पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की रफ्तार तेज, विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से 3.04 करोड़ की नई सौगात

**पंडरिया / कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर पंचायत इंदौरी में विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये तथा नगर पालिका परिषद पंडरिया में भव्य गार्डन निर्माण के लिए 1 करोड़ 4 लाख रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार पंडरिया विधानसभा को एक साथ 3 करोड़ 4 लाख



रुपये के विकास कार्यों की नई सौगात मिली है। विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से लगातार मिल रही विकास कार्यों की स्वीकृतियों से क्षेत्र में अधोसंरचना के विस्तार और नागरिक सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे पहले पांडातराई के लिए 3 करोड़ रुपये सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरीय क्षेत्रों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है।

विधायक भावना बोहरा लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरीय क्षेत्रों का दौरा कर आम जनता से सीधे संवाद करती हैं। जनसंपर्क के दौरान वे लोगों की समस्याओं और स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी लेती हैं तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके निराकरण के लिए पहल करती हैं। क्षेत्रवासियों से सीधे जुड़कर उनकी जरूरतों को समझना और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा बताया जा रहा है।

पंडरिया विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्रों में सड़क, नाली, सीसी रोड, मंच, गार्डन, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। इन कार्यों से स्थानीय स्तर पर नागरिक सुविधाओं के विस्तार के साथ क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की बात कही जा रही है।

## 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा ने मोहा मन



**सुकमा।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारास में चित्रकला, पेंटिंग एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर अमित के निर्देशन और मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, विकसित भारत सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र, पेंटिंग और विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक सोच से सजी प्रदर्शनी ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित मेगा पीटीएम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता की और कक्षा एवं विषय शिक्षकों से अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को लेकर चर्चा की।

नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र भदौरिया एवं सेवा संकल्प अभियान के जिला सह-संयोजक नायक ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

शाला की प्राचार्य ट्रिजा दास ने विद्यार्थियों को चित्रकला, विज्ञान मॉडल एवं भाषण जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए बधाई दी और शिक्षकों के सहयोग की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ उनमें सृजनात्मक सोच, आत्मविश्वास और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं। 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम में विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को उत्साह और उमंग से भर दिया।

## कमरौद में मंदिर समिति के टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन



### जनसेवक राकेश यादव रहे मुख्य अतिथि, ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शुरू हुआ निर्माण कार्य

**बालोद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** ग्राम कमरौद में मंदिर समिति के पास प्रस्तावित टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद के जनसेवक राकेश यादव उपस्थित रहे। उनके साथ जुंगेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण साहू एवं एल्डरमैन रवि पांडे भी मौजूद रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

मंदिर समिति के अध्यक्ष उग्रसेन चुरेन्द ने बताया कि मंदिर समिति के पास टीन शेड का निर्माण होने से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन के अवसर पर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम में मंदिर समिति के संरक्षक एवं सरपंच सुंदरलाल देवदास, राकेश पटेल, पुनीत रामदेशारे, सुरेंद्र पटेल, दीनूराम कंवर, दारा सिंह साहू, दिसंबर चतुर्वेदी, परमेंद्र साहू, भूप सिंह साहू, पवन निषाद, खिलेश्वर कंवर सहित मंदिर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर निर्माण कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

:- संपादकीय :-

# पुनर्विचार करने का वक्त

दुनिया में बदले समीकरणों के बीच एससीओ में प्रभावी देशों के साथ भारत के रुख की दूरी बढ़ती नज्र आई है। इसकी संभवतः सबसे प्रमुख मिसाल चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना- बीआरआई है। शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में कही गई बातों और बिशकेक घोषणापत्र पर गौर करें, तो अहसास होता है कि इस मंच पर भारत की उपस्थिति लगातार असहज होती जा रही है। अब अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। दोनों देशों के संबंध के मौजूदा हाल को देखते हुए सवाल उठता है कि क्या वहां होने वाली एससीओ की अनेक बैठकों में भाग लेने भारतीय प्रतिनिधि जाएंगे? वैसे भी दुनिया में बदले समीकरणों के बीच इस मंच में प्रभावी देशों के साथ भारत के रुख की दूरी बढ़ती नज? आती है। इसकी संभवतः सबसे बड़ी मिसाल चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) है। किर्गिजिस्तान की राजधानी में हुए शिखर सम्मेलन के बाद जारी साझा घोषणापत्र में भारत को फिर उस अनुच्छेद से खुद को अलग रखना पड़ा, जिसमें बीआरआई का समर्थन किया गया है।आठ सदस्य देशों- बेलारूस, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिजिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान- ने बीआरआई के प्रति फिर अपना समर्थन जताया। साथ ही इसे यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के साथ जोड? की बात भी कही गई। ईएईयू में प्रमुख भूमिका रूस की है। स्पष्टतः बीआरआई एससीओ के आर्थिक और आपसी जुड़ाव (कनेक्टिविटी) एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि कनेक्टिविटी बढ़ाते समय देशों की प्रादेशिक संप्रभुता का ख्याल रखा जाना चाहिए। बीआरआई के तहत निर्मित 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियाराइ पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से गुजरता है। इसके अलावा एससीओ में ईरान पर अमेरिका- इजराइल के हमले तथा फिलस्तीन के गजा में इजराइल की ₹विनाशकारी₹ कार्रवाई भी ऐसे मुद्दे हैं, जहां भारत का रुख एससीओ के बाकी देशों से अलग रहा है। यह अलगाव बिशकेक में भी जाहिर होता रहा। यह साफ है कि चीन, रूस, और ईरान की वैश्विक रणनीति में फिलहाल सामंजस्य बन गया है। बाकी सदस्यों को इस रणनीति पर कोई एतराज नहीं है, हालांकि उनमें से कुछ ने अमेरिकी खेमे के साथ भी अपने दांव जोड़ रखे हैं। स्पष्टतः भारत के लिए यह पुनर्विचार करने का वक्त है कि एससीओ से उसकी क्या अपेक्षाएं हैं और क्या वे पूरी हो रही हैं?

# जी-20 से ब्रिक्स तक, भारत के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का महत्व

**ललित गर्ग ।**

तकनीकी तरक्की और दूसरे विकास हमेशा से इंसानी इतिहास का हिस्सा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में ज्ञान के प्रमुख ढांचों ने मानवीय पहलू को नजरअंदाज किया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से दुनिया बहुत बदल गई है। आज के दौर में वैश्विक दुनिया के मुद्दे गतिशील हैं। राष्ट्रीय हित और शक्ति बहुआयामी हैं। ऐसे हालात में, लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण आ?थक लाभ हासिल करने की दिशा में काम करने के लिए बेहतर स्थिति प्रदान करता है। यही वजह है कि मतभेदों के बावजूद ईरान और यू.ए.ई. को एक ही मंच पर देखा गया। व्यापार बाधाओं को दूर करना, कौशल विकास को प्रोत्साहित करना, स्टार्ट-अप, इनोवेशन और आ?थक समझौतों पर काम करना और साथ ही लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना भविष्य की बेहतर दुनिया के लिए बहुत फायदेमंद होगा।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध अध्ययन का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। पहले यह केवल कूटनीतिक इतिहास के अध्ययन तक सीमित था, लेकिन आज इसका प्रभाव कई अन्य विषयों पर भी है। इसने एक लंबा सफर तय किया है। इसका अध्ययन और प्रभाव केवल युद्धक्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा है। पहले विश्व युद्ध से दूसरे विश्व युद्ध और फिर शीत युद्ध तक के इस सफर में, चिंता का एक अहम विषय कुछ विचारों का दबदबा और दूसरों की अनदेखी है। वैश्वीकरण शीत युद्ध के बाद के दौर की एक अहम पहचान बन गया।

सोवियत संघ का विघटन, बर्लिन की दीवार का गिरना और नव-उदारवाद का उदय उस समय की महत्वपूर्ण विशेषताएं बन गईं। हालांकि, समय के साथ सुधार लाने का अपना एक अनोखा तरीका होता है। वैश्विक शासन के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिला। समय के साथ, वैश्वीकरण के विभिन्न पहलुओं में मानवीय पक्ष की कमी देखी गई। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई आपस में जुड़ी हुई वैश्विक दुनिया नहीं चाहता। हालांकि, जब अर्थव्यवस्था, समाज, पर्यावरण और संस्कृति को सिर्फ मुनाफे के एजेंडे के हिसाब से ढाला जाता है, तो यह एक समस्या बन जाती है। यह समझना जरूरी है कि मुनाफा कमाना बुरी बात नहीं है, लेकिन यह शासन का एकमात्र पैमाना नहीं हो सकता।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 75 साल पूरे होने से लेकर 2023 में जी-20 की अध्यक्षता और नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन तक, भारत ने हमेशा वैश्विक शासन में सुधार का महत्वपूर्ण आह्वान किया है। जी-20 समिट में मानव-केंद्रित वैश्वीकरण से लेकर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और नियम-निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की बात तक, भारत ने ग्लोबल गवर्नेंस की गलतियों को सुधारने की अहम जरूरत पर बात की है। इसमें यह भी है कि ग्लोबल डिवैल्पमैंट के लिए किसी भी समस्या-समाधान के तरीके का आज के समय की वास्तविकताओं से जुड़ा होना जरूरी है। ब्रिक्स नई दिल्ली घोषणापत्र अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक सुधारात्मक दृष्टिकोण पेश करने की सार्थक कोशिश करता है। शांति और सुरक्षा, विश्व व्यापार संगठन, कूटनीति और बातचीत पर ध्यान, परमाणु सुरक्षा आदि इस घोषणापत्र के महत्वपूर्ण बदू हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि जी-20 से लेकर ब्रिक्स तक एक सक्रिय सदस्य होने के नाते, लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण के विचार ने भारत को मल्टी-अलाइनमैंट में ताकत और अहमियत दिलाई है।

इंसान को केंद्र में रखने वाला नजरिया जरूरी है क्योंकि बदलाव और गतिशीलता ही विकास की सच्चाई है। इंसानी पहलू की समझदारी ही किसी भी प्रक्रिया को जमीनी स्तर से जुड५ की क्षमता देती है। तकनीकी तरक्की और दूसरे विकास हमेशा से इंसानी इतिहास का हिस्सा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में ज्ञान के प्रमुख ढांचों ने मानवीय पहलू को नजरअंदाज किया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से दुनिया बहुत बदल गई है। आज के दौर में वैश्विक दुनिया के मुद्दे गतिशील हैं। राष्ट्रीय हित और शक्ति बहुआयामी हैं। ऐसे हालात में, लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण आ?थक लाभ हासिल करने की दिशा में काम करने के लिए बेहतर स्थिति प्रदान करता है। यही वजह है कि मतभेदों के बावजूद ईरान और यू.ए.ई. को एक ही मंच पर देखा गया। व्यापार बाधाओं को दूर करना, कौशल विकास को प्रोत्साहित करना, स्टार्ट-अप, इनोवेशन और आ?थक समझौतों पर काम करना और साथ ही लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना भविष्य की बेहतर दुनिया के लिए बहुत फायदेमंद होगा।

वैश्विक शासन के लिए एक नए और अनोखे नजरिए की जरूरत है। लोगों को केंद्र में रखने वाले नजरिए और मानवता सबसे पहले की भावना न केवल सभ्यतागत मूल्यों से जुड़ी है, बल्कि यह एक मजबूत भविष्य की ओर बढने का एक महत्वपूर्ण तरीका भी है। यह अतीत की गलतियों को सुधारने का एक अहम मौका देता है। यह सहयोग पर काम करने के लिए एक उपयोगी क्षेत्र पेश करता है। इसमें अलग-अलग हितों वाले पक्षों के बीच आम सहमति बनाने की क्षमता भी है।-डा.

## राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बीतेगा। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। साथ ही आज आपको बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन भी करना पड़ सकता है।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे और आप सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। आज आपको मीडिया क्षेत्र में अच्छा लाभ मिलने के साथ ही बड़े अवसर भी प्राप्त होंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन बढि?ा रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा और आपके क्लाइंट के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा तथा आज आपको संतान पक्ष से खुशखबरी प्राप्त हो सकती है।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। इस राशि के विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के अनुरूप बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही धार्मिक कार्यों में आज आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी, रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। साथ ही आपके दांपत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे और आपकी पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे, जिससे आपकी जान-पहचान बड़े व्यक्तियों से होगी। आज इस राशि के फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा, आपको ऑनलाइन माध्यम से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। आज आपकी आय में बढ़ोतरी होगी और आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जो अविवाहित हैं उनके विवाह के लिए जल्द ही अच्छे रिश्ते आयेंगे।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। साथ ही आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आज आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे, जिससे आपको बेहतर सुझाव मिलेंगे।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी के साथ आपकी गलतफहमी दूर होगी और आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन अध्यात्म में थोड़ा ज्यादा लगेगा, आप पास के ही मंदिर में कुछ वक्त गुजारेंगे जिससे मन शांत होगा।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज इस राशि के लेखकों की बुक पब्लिश होगी, जिसके लिए उसको अवॉर्ड भी मिलेगा। आज अपने आप को एकदम फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी खास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफलता प्राप्त होगी। आज पूरा दिन आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, आय के नए स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज आप बेवजह की बातों से दूरी बनाकर रखें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

### सू- दोकू क्र.165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

नजरिया | धनंजय राठौर

# एआई क्षेत्र में नई उड़ान भरने को तैयार छत्तीसगढ़




दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के दौर में छत्तीसगढ़ भी अब एक नई छलांग लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार एआई को विकास, रोजगार और सुशासन के नए अवसरों से जोड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। खेती-किसानी से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासन तक हर क्षेत्र में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य में बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जनसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में एआई के प्रभावी उपयोग से रोजगार और नवाचार के नए अवसर सृजित करते हुए हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं।500 करोड़ रुपये का मुख्यमंत्री एआई मिशन- भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 500 करोड़ रुपये के मुख्यमंत्री एआई मिशन की शुरूआत की है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ को केवल एआई तकनीक अपनाने वाला राज्य नहीं, बल्कि इसके उपयोग और नवाचार में सिरमौर बनाना है। इस मिशन के तहत प्रदेश में 100 एआई लैब और 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत लगभग 6 लाख विद्यार्थियों और डेढ़ लाख शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों को एआई के उपयोग से जोड़ा जाएगा। साथ ही, शासन की 50 से अधिक सेवाओं को एआई के जरिए अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। युवाओं को जॉब सीकर (नौकरी तलाशने वाला) की बजाय जॉब क्रिएटर (नौकरी पैदा करने वाला) बनाने के लिए मशीन लर्निंग और डेटा साइंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कृषि, स्वास्थ्य और प्रशासन में एआई का प्रयोग-इस मिशन का दायरा केवल आईटी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर आम जनता के जीवन को आसान बनाने के लिए उतारा जा रहा है। कृषि मौसम, फसल, कीट और रोगों के आंकड़ों के विश्लेषण से किसानों को समय पर सटीक सलाह मिल सकेगी। एआई आधारित तकनीक से जांच, रोग पहचान और स्वास्थ्य संसाधनों के प्रबंधन में सुधार होगा।सरकारी पोर्टलों (जैसे सेवा सेतु) के विस्तार और एआई के उपयोग से योजनाओं की मॉनिटरिंग और नागरिक सेवाओं को सुगम बनाया जा रहा है। वहीं उद्योगों में उत्पादकता और ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी। कारखानों में रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग के उपयोग से उत्पादन की गति बढ़ती है और त्रुटियाँ कम होती हैं। अक सेंसर मशीनों की स्थिति पर लगातार नजर रखते हैं और खराबी आने से पहले ही चेतावनी दे देते हैं, जिससे लागत बचती है। उद्योगों में व्यक्तिगत प्राथमिकताओं को समझने और 24x7 सहायता प्रदान करने के लिए अकसंचालित टूल का उपयोग किया जाता है।

नवा रायपुर बन रहा तकनीक और एआई का नया हब= नवा रायपुर को आईटी, एआई और डाटा सेंटर के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ लगभग 1 हजार करोड़ रुपये के निवेश से एआई आधारित डाटा सेंटर और एआई एसईजेड विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा, नवा रायपुर में करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना का निर्णय लिया गया है। एनआईटी रायपुर और ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से खनन, इस्पात, स्वास्थ्य, कृषि और स्मार्ट गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान और स्टार्टअप को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए उच्च तकनीक आधारित रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं।नवा रायपुर में देश का पहला एआइ आधारित डेटा सेंटर-नवा रायपुर अटल नगर में देश का पहला एआइ आधारित डेटा सेंटर सेक्टर-22 में 13.5 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश की पहचान को नई ऊंचाई देगा, बल्कि आम जनता के लिए भी बड़े बदलाव लेकर आएगा। प्रदेश के युवाओं को बेहतर करियर के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही एआइ तकनीक का फायदा किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भी मिलेगा। डिजिटल सेवाएं मजबूत होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं का लाभ दूरदराज के क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

विचार

# आयुर्वेद के नाम पर कानून की अनदेखी करते नीम-हकीम!

आयुर्वेद भारत की ज्ञान-परंपरा है, कोई टी.वी.-शीर्षक नहीं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया उद्योग तेजी से बढ़ा है, कैमरे के सामने बैठकर गंभीर बीमारियों को उलटने का वादा करने वाले स्व-घोषित आयुर्वेदाचार्य। इनमें कई चेहरे राष्ट्रव्यापी क्लिनिक श्रृंखला, यूट्यूब चैनल, सोशल मीडिया और प्रायोजित खबरों के साथ घर-घर पहुंच चुके हैं। सवाल यह नहीं कि आयुर्वेद काम करता है या नहीं। सवाल यह है कि कुछ सुपरिचित आचार्य, गुरु जी, स्वामी या बाबा जी सार्वजनिक रूप से चिकित्सक की भूमिका निभाते हुए उन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो इसी देश ने मरीज की सुरक्षा के लिए बनाए हैं।आयुर्वेद का नैदानिक अभ्यास करने के लिए मान्यता प्राप्त योग्यता, सामान्यतः बी.ए.एम.एस. और राज्य परिषद तथा राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग के रजिस्टर पर नाम होना आवश्यक है। क्लिनिक, डे-केयर या अस्पताल चलाने के लिए नगर निगम का व्यापार लाइसैंस, जहां लागू हो वहां क्लिनिकल एस्टैब्लिशमैंट अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण, बायोमैडिकल अपशिष्ट की अनुमति और दवा बेचने पर औषधि कानून की शर्तें लगती हैं। ये कागजी औपचारिकताएं नहीं, न्यूनतम सुरक्षा पट्टियां हैं। इनके बिना किसी भी आचार्य या बाबा जी के मार्गदर्शन में उपचार कहना जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।सबसे चालाक उल्लंघन उपाधि से शुरू होता है। आचार्य कोई सरकारी मैडिकल लाइसैंस नहीं है। यह शिक्षक या सम्मानसूचक शब्द है, कभी विश्वविद्यालय की शास्त्रीय उपाधि भी होता है। इसे नाम के आगे लगाकर व्यक्ति आसानी से वैद्य जैसा दिख जाता है। कई वैबसाइटें ऐसे लोगों को आयुर्वेद प्रैक्टिशनर, डिटॉक्स स्पैशलिस्ट, नैचुरोपैथएक्सपर्ट आदि लिखती हैं। क्लिनिक का बोर्ड और दवाओं की दुकानें उनके नाम से चमकती हैं। आम बोलचाल और प्रचार में भी उन्हें आयुर्वैदिक चिकित्सक कहा जाता है। लेकिन यदि कोई जांच करे तो ऐसे कुछ व्यक्तियों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक या उससे भी कम की होती है, बी.ए.एम.एस. तो बिल्कुल भी नहीं। उल्लेखनीय है कि कानून उपाधि पर नहीं, रजिस्ट्रेशन पर चलता है। रजिस्टर में नाम नहीं, तो नैदानिक अभ्यास वैध आयुर्वेद नहीं, केवल अभिनय है।दूसरा उल्लंघन दावों का है। औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 ठीक उन्हीं बीमारियों के जादुई इलाज का विज्ञापन रोकता है, जिन्हें ये अभियान सबसे जोर से बेचते हैं। कैंसर, गुर्दा और यकृत की विफलता जैसी स्थितियां।

# रिश्तों के राजा और रूठने के महाराजा-फूफा

अगर किसी कार्यक्रम में फूफा जी न रूठें तो परिवार को शक होने लगता है कि कहीं तबीयत तो ठीक है? हरियाणा में फूफा मनाना कोई खेल नहीं है, पूरा प्रोजेक्ट है।भारतीय परिवारों में फूफा जी का स्थान कुछ अलग ही है। फूफा परिवार का वो सदस्य है जिनके आने से पहले स्वागत की तैयारी होती है और आने के बाद मनाने की। फूफा जी आए हैं तो सबसे पहले यह पता करो कि वे खुश हैं या रूठे हुए हैं क्योंकि फूफा जी का मूड मौसम विभाग से भी ज्यादा अनिश्चित है।सगाई-शादी हो-फूफा जी रूठेंगे। जन्मदिन हो, फूफा जी रूठेंगे। गृहप्रवेश हो, फूफा जी रूठेंगे। पूजन हो, फूफा जी को कोई बात बुरी लग ही जाएगी। और अगर किसी कार्यक्रम में फूफा जी न रूठें तो परिवार को शक होने लगता है कि कहीं तबीयत तो ठीक है? हरियाणा में फूफा मनाना कोई खेल नहीं है, पूरा प्रोजेक्ट है। उनके रूठने के कारण भी बड़े रहस्यमय होते हैं। कभी कुर्सी ठीक नहीं मिली, कभी खाने में उनकी पसंद की सब्जी नहीं थी, कभी किसी ने आते ही राम-राम नहीं की, कभी फोटो में आगे नहीं खड़ा किया और कभी तो सिर्फ इसलिए नाराज कि मन्नै पूछ्या ए कोनी।

सरकारी स्कूलों में क्रांतिकारी बदलाव, शिक्षा के क्षेत्र में सब बड़े हाथ जोड़-जोड़ उनको मनाते हैं और फूफा जी भीतर से पूरी तरह पिघल भी चुके होते हैं, लेकिन चेहरे पर ऐसी गंभीरता बनाए रखते हैं जैसे भारत सरकार ने व्यक्तिगत रूप से उनसे माफी मांगनी हो।फूफा जी वास्तव में परिवार की वह रिमोट कंट्रोल वाली व्यवस्था हैं जिसमें बटन सिर्फ एक है–रूठना। इस बटन को दबाते ही पूरा परिवार सक्रिय हो जाता है। कोई मनाने जाता है, कोई फोन करता है, कोई चाय लेकर बैठता है और कोई पूछता है–आखिर हुआ के था? मजेदार बात यह है कि जिस दिन फूफा जी बिना रूठे पूरा कार्यक्रम निपटा दें, उस दिन घर के लोग एक-दूसरे को देखकर कहते हैं–भाई, आज का फंक्शन तो कुछ फीका-फीका रह गया!अब चाहे उन्हें सबसे पहले निमंत्रण दिया गया हो, गाड़ी भेजी गई हो, घर से आदमी लेने आया हो और स्वागत में माला भी पहनाई गई हो, फिर भी फूफा जी के पास एक गुप्त शिकायत जरूर होती है, जिसे वे कार्यक्रम खत्म होने तक सुरक्षित रखते हैं। बस! फिर शुरू होता है परिवार का सबसे कठिन अभियान–ऑपरेशन फूफा मनाओ।एक बार की बात है कि रामप्यारी ने कॉलेज में एक नाटक में बुआ का रोल करा। उसने अपने प्रिंसिपल ताहीं शिकायत करी कि क्लास के टाब्बर उसतै बुआ कहके चिढ़ावैं सैं। प्रिंसिपल नै क्लास में जाके धमकाते होये कही कि जिस-जिस नै रामप्यारी तै बुआ कही है, खड़े हो ज्याओ।

## शब्द सामर्थ्य -165

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# लोरमी में भाई अरुण साव ने हजारों बहनों-माताओं संग मनाया तीजा तिहार, स्नेह और आशीर्वाद का हुआ संगम

## "हमर अरुण भैया हा दिलदार हैवे ना, बहिनी मन ले ओला मया-दुलार हैवे ना" गीत से गूंजा लोरमी मानस मंच

**लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)।** स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मानस मंच लोरमी में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक तीजा तिहार क्षेत्र की महतारी-बहनों के साथ प्रेम और स्नेह से मनाया। लोरमी के भाइयों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों बहनें शामिल हुईं। उन्होंने भाई अरुण साव को स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महादेव की पूजा-अर्चना से हुई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सपत्नीक क्षेत्र की बहनों के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। सभी ने महादेव का आशीर्वाद लिया।

श्री साव ने तीजा तिहार में सभी बहनों का प्रणाम कर स्वागत किया। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार करने के लिए बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया। बहनों ने भी भाई अरुण साव को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि लोरमी की सभी बहनों के घर धन-धान्य, सुख और समृद्धि से भरे रहें। उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हों, परिवार में खुशहाली बनी रहे।

**छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा का पर्व है तीजा**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार हैं। इस अवसर पर माताएं-बहनें पति की लंबी उम्र की कामना के लिए मायके में निर्जला व्रत रखती हैं। मायके में उन्हें भाइयों का स्नेह मिलता है। बचपन के सहेलियों से मुलाकात होती है। बचपन की यादें फिर ताजा हो जाती हैं। तीजा तिहार इसी अपनापन, प्रेम और पारिवारिक जुड़ाव का पर्व है।

उन्होंने कहा कि लोरमी के सभी भाइयों ने मिलकर क्षेत्र की बहनों के



लिए तीजा तिहार का आयोजन किया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। उन्होंने सभी बहनों को तीजा तिहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**लोकगीतों की हुई शानदार प्रस्तुति**

तीजा तिहार के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

प्रदेश की प्रसिद्ध लोकगायिका गरिमा दिवाकर, स्वर्णा दिवाकर और उनकी अंजोर टीम ने शानदार प्रस्तुतियां दी।

लोकगीतों और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। 'तीजा पोरा आगे भाग हमर खुलगे' और तरी हरि नाना जैसे गीतों ने बहनों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपरा और भाई-बहन के स्नेह की सुंदर झलक देखने को मिली।

## गरियाबंदवासियों ने डॉ. मेमन को किया याद



**गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** डॉ मेमन सहाब की 8वीं पुण्यतिथि पर मुख्य चौराहा तिंरगा चौक पर नगर वासियो ने एकत्र हो कर केंडल जला कर किया श्रद्धाजंली अर्पित। गरियाबंद अंचल में सुप्रसिद्ध डॉक्टर रज्जाक मेमन की आज 8 वीं पुण्यतिथि मे ।नगर के लोगो ने प्रमुख चौराहा तिरंगा चौक में कैंडल जलाकर और फूल माला अर्पित कर डॉक्टर मेमन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।जिला बनने से पहले स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत ढाल बन कर ग्रामीण अंचल के लोगों को सटीक चिकित्सा सेवा सहजता से उपलब्ध कराने वाले डॉक्टर मेमन के निस्वार्थ समाज सेवा को याद किया गया। मेमन की सादगी आज भी नगर वासियों के मन में घर कर गया है।शुभचिंतक और उनके सहपाठी उन्हें याद कर आज भावुक भी हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता दुव्य साबिर भाई, रामकुमार वर्मा,राजेश साहू पार्षद छगन यादव पार्षद पुना राम यादव सन्नी मेमन योगेश बघेल हरीश ठाकर जलाराम ठाकर अवधराम यादव बीरेन्द्र सेन चंद्रभूषण चौहान अमन दस मानिकपूरी मुकेश भोई घनश्याम यादव चंदन सिन्हा सौरभ यादव कदर हिंगोरा मुकेश यादव जुनेद खान युगल सोनी बाजीराम सेन डालसिंग साहू ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किये।

## गरियाबंद जिले के जप्तशुदा गांजा मादक पदार्थ एवं नशीली टेबलेट को नारकोटिक डिस्पोजल केन्द्र में नष्ट किया गया



**गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के द्वारा गांजा के संबंध में नष्टीकरण के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में आज दिनांक 18.09.2026 को पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण कुमार उइके , पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर के द्वारा डीसीबी/डीसीआरबी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक टूकान लाल नवरत्न को नामांकित कर जिले के कुल 12 प्रकरणों में जप्त गांजा मादक पदार्थ 1 क्विंटल 64.919 कि.ग्रा. और 50 नग नशीली टेबलेट को नारकोटिक डिस्पोजल केन्द्र सिलतरा रायपुर में नष्टीकरण हेतु भेजा गया। ड्रग्स डिस्पोजल समिति के समक्ष गरियाबंद जिले के थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद के 1 प्रकरण, थाना मैनपुर के 2 प्रकरण, थाना देवभोग के 2 प्रकरण, थाना पाण्डुका के 1 प्रकरण, थाना राजिम के 2 प्रकरण, थाना फिंगेश्वर के 3 प्रकरण कुल 11 प्रकरण में 1 क्विंटल 64.919 कि.ग्रा. जप्तशुदा मादक पदार्थ गांजा एवं थाना पाण्डुका से 1 प्रकरण टेबलेट की 50 नग नशीली टेबलेट को विधि पूर्वक कार्यवाही करते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नारकोटिक डिस्पोजल केन्द्र सिलतरा रायपुर में नष्टीकरण किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान में कामठी विद्यालय के छात्रों ने भी थामी रंगोली की कमान

### रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**पंडरिया/कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रामकुमार वट्टी ने रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का अवलोकन किया। उनके द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन किया गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में मनोज कुमार, आदित्य, सुमित पांडे एवं राजेश शर्मा ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।



प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि रंगोली निर्माण में विद्यालय के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार रंगोलियां बनाईं। छात्रों की इस पहल को विद्यालय में एक नई और प्रेरणादायी शुरुआत के रूप में देखा गया। विशेष रूप से छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस सहभागिता ने यह संदेश दिया कि रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता राजेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता तुलस राम चंद्राकर, कोमल धृतलहरे, रामनाथ राजपूत, हीरालाल छापरीया, यशवंत कुमार एवं रघुनंदन गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संपूर्ण मार्गदर्शन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती हेमलता टंडन द्वारा किया गया।

अंत में रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेवा सेतु से आसान हुई छात्रवृत्ति की राह

**बिलासपुर (दैनंदिनी ब्यूरो)।** किसी विद्यार्थी के लिए छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आगे की पढ़ाई जारी रखने का महत्वपूर्ण माध्यम होती है। छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध होना भी उतना ही जरूरी है। शासन की डिजिटल सेवाओं ने इस प्रक्रिया को अब पहले की तुलना में अधिक सरल और सुविधाजनक बनाया है। इसी बदलाव की एक मिसाल मस्तुरी विकासखंड के ग्राम बेलटुकरी निवासी ''जानकी साहू'' के परिवार की कहानी है।

जानकी साहू को छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्हें आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने थे। पहले इस तरह के प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संबंधित कार्यालय में जाकर आवेदन करने, दस्तावेज जमा करने तथा प्रमाण पत्र प्राप्त करने में समय और मेहनत लगती थी। ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के लिए बार-बार कार्यालय जाना अतिरिक्त परेशानी का कारण भी बन सकता था। जानकी साहू के परिवार ने इस समस्या के समाधान के लिए सेवा सेतु केंद्र में आवेदन किया। सेवा सेतु के माध्यम से उनके पिता '' रामप्रसाद साहू'' के आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी की गई। आवेदन के बाद आय प्रमाण पत्र ''सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो गया''। इससे जानकी साहू के लिए छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हो गया। आय प्रमाण पत्र मिलने के बाद परिवार को दस्तावेज बनवाने के लिए बार-बार कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। ऑनलाइन माध्यम से प्रमाण पत्र उपलब्ध होने से प्रक्रिया में सुविधा और समय की बचत हुई। इससे जानकी साहू की छात्रवृत्ति से जुड़ी आगे की प्रक्रिया को पूरा करना भी आसान हुआ। जानकी साहू के परिवार के लिए यह सुविधा डिजिटल शासन की उपयोगिता का प्रत्यक्ष अनुभव लेकर आई। ''जहां पहले शासकीय प्रमाण पत्र के लिए कार्यालयीन प्रक्रिया में समय और आने-जाने की परेशानी होती थी, वहीं सेवा सेतु के माध्यम से आवेदन और प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया अधिक आसान हुई।''

# वनांचल के विद्यालय कामठी में हुआ स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

**पंडरिया/कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)।** कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कक्षा छठवीं से आठवीं के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम कामठी की सरपंच श्रीमती पार्वती मसराम एवं विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल वट्टी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और विद्यार्थियों में नई तकनीक से सीखने को लेकर विशेष उत्सुकता देखने को मिली।

इक्कीसवीं सदी को परिवर्तन और तकनीकी उन्नति की सदी माना जाता है। वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जहां डिजिटल माध्यमों और इंटरनेट आधारित शिक्षण सामग्री की उपयोगिता निरंतर बढ़ती जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में विद्यालय में स्मार्ट क्लास की स्थापना विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल वट्टी ने कहा कि "विकसित भारत के निर्माण में डिजिटल शिक्षा और मल्टीमीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को विषयवस्तु को समझने में सरलता होगी और उनकी सीखने की क्षमता में गुणात्मक वृद्धि होगी। हमारे गांव के बच्चे इन आधुनिक संसाधनों का उपयोग कर निश्चित रूप से भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।"




स्मार्ट क्लास प्रभारी सुमित पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के समय में बच्चों को प्रभावी और रोचक तरीके से शिक्षित करने के लिए कक्षाओं का डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि "ऐसी कई अवधारणाएं हैं जिन्हें पारंपरिक शिक्षण विधियों से समझाना कठिन होता है, लेकिन स्मार्ट क्लास के माध्यम से दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग कर उन्हें सरल एवं स्पष्ट रूप से समझाया जा सकता है। इससे बच्चों की रुचि बढ़ती है और सीखना अधिक स्थायी एवं प्रभावी बनता है।"

कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट क्लास की सुविधाओं का संक्षिप्त प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें लैपटॉप, प्रोजेक्टर, स्पीकर एवं ई-कंटेंट के माध्यम से पढ़ाई की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव बताया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती हेमलता टंडन, संकुल समन्वयक रघुनंदन गुप्ता सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# पंडरिया शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक का हुआ स्थानातंरण, आखिर प्रभार देने में हिचकिचाहट क्यों?

**पंडरिया/ कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)।** पंडरिया स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना में अधिकारि के स्थानांतरण और पदभार हस्तांतरण को लेकर बार-बार ऐसी स्थिति क्यों बन रही है, यह अब यह लोगो के बीच चर्चा का विषय बन चुका है।

इससे पूर्व में भी राकेश सिंह राजपूत का स्थानांतरण किया गया था और उनके स्थान पर दूसरे अधिकारी अनिल बनज का स्थानांतरण किया गया था।

इसके बावजूद पदभार छोड़ने और विधिवत रिलीव होने की प्रक्रिया को लेकर विवाद की स्थिति बनी रही। बाद में राजनीति माध्यम से उनका स्थानांतरण पुनः कारखाना हो गया। अब एक बार फिर लगभग उसी तरह की स्थिति सामने आती दिखाई दे रही है।

वर्तमान प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक का स्थानांतरण महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, नवा रायपुर के पद पर किया जा चुका है। वहीं नए प्रबंध संचालक आशुतोष डडसेना अपने पूर्व पद से विधिवत रिलीव होकर ज्वाइनिंग के लिए कारखाना पहुंच चुके हैं और शक्कर कारखाना मे आवक-जावक की प्रक्रिया भी पूरी कर चुके हैं। इसके बावजूद वर्तमान प्रबंध संचालक द्वारा पदभार छोड़ने की प्रक्रिया पूरी नहीं होना कई गंभीर सवालों को खड़े करता है।

**आखिर शासन के आदेश का पालन कब होगा?**

सवाल यह है कि क्या छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेशों का पालन करना संबंधित अधिकारियों के लिए अनिवार्य नहीं है? यदि किसी अधिकारी का स्थानांतरण विधिवत आदेश के माध्यम से हो चुका है, तो उसके बाद पदभार हस्तांतरण में देरी क्यों?

क्या हर बार राजनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से स्थानांतरण आदेशों को प्रभावित किया जा सकता है?

और सबसे बड़ा सवाल—आखिर पंडरिया शक्कर कारखाने में पदस्थ बड़े अधिकारी यहां से जाना ही क्यों नहीं चाहते?

## क्या पंडरिया शक्कर कारखाना के अधिकारी शासन के स्थानांतरण आदेशों से ऊपर हैं?



यदि प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार बड़े अधिकारियों का कार्यकाल सामान्यतः सीमित अवधि का रखा जाना चाहिए, तो फिर एक ही स्थान पर लंबे समय तक बने रहने और स्थानांतरण के बाद भी पदभार हस्तांतरण में देरी की स्थिति क्यों उत्पन्न होती है?

**क्या निजी हित जुड़े होने की आशंका है?**

बार-बार स्थानांतरण, पदभार हस्तांतरण और उसके बाद उत्पन्न होने वाली परिस्थितियां स्वाभाविक रूप से यह सवाल पैदा करती हैं कि कहीं इसके पीछे किसी प्रकार का निजी या अन्य हित तो नहीं जुड़ा हुआ है। हम किसी अधिकारी पर बिना जांच के आरोप नहीं लगा रहे हैं। हमारी मांग सिर्फ इतनी है कि इन परिस्थितियों की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो तथा शासन के आदेशों का नियमानुसार पालन कराया जाए। क्योंकि दूसरी तरफ कारखाने के श्रमिक अपने 8 महीने के लंबित वेतन और पिछले हड़ताल समझौते के बकाया भुगतान के लिए परेशान हैं।

**जब श्रमिकों को उनका मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा है, तब प्रशासनिक पदों को लेकर इस प्रकार की खींचतान आखिर क्यों?**

शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेशों का तत्काल पालन कराया जाए। नए प्रबंध संचालक को नियमानुसार पदभार ग्रहण कराया जाए।पदभार हस्तांतरण में हुई देरी के कारणों की जांच कराई जाए। श्रमिकों का लंबित वेतन और हड़ताल से संबंधित बकाया भुगतान तत्काल जारी किया जाए।

यदि किसी प्रकार का राजनीतिक या निजी हस्तक्षेप हुआ है तो उसकी भी निष्पक्ष जांच हो।

पंडरिया शक्कर कारखाना किसी व्यक्ति या राजनीतिक प्रभाव का केंद्र नहीं, बल्कि किसानों और श्रमिकों की मेहनत से चलने वाली संस्था है।

# 8 साल बाद ODI में उतरे ग्रीम क्रेमर, जिम्बाब्वे की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में पहली जीत पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की ODI सीरीज खेली जा रही है। सीरीज पहले ही 0-2 से गंवा चुकी जिम्बाब्वे की नजर अब घरेलू मैदान पर साल के आखिरी मुकाबले में जीत के साथ विदाई लेने पर है। कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।



जिम्बाब्वे ने इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किए हैं। सबसे खास नाम ग्रीम क्रेमर का है, जो करीब आठ साल बाद ODI क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। 40 साल के क्रेमर ने आखिरी बार 2018 में ODI मैच खेला था। वह वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा की जगह टीम में आए हैं, जबकि न्यूमैन न्यामहुरी को आराम दिया गया है और उनकी जगह अर्नेस्ट मसुकु को मौका मिला है। क्रेमर ने एक दिन पहले ही अपना 40वां जन्मदिन मनाया और अब वह जिम्बाब्वे की मौजूदा टीम में 40 की उम्र पार करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले ब्रेंडन टेलर, क्रेग एर्विन और कप्तान सिकंदर रजा यह मुकाम हासिल कर चुके हैं।

दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने भी दो बदलाव किए हैं। जोश हेजलवुड को साउथ अफ्रीका दौरे से पहले आराम दिया गया है, जबकि दूसरे ODI में साइड स्ट्रेन की समस्या से जूझने वाले बिली स्टेनलेक भी उपलब्ध नहीं हैं। उनकी जगह जेवियर बार्टलेट और स्पेंसर जॉनसन की वापसी हुई है। अनकैप्ड बाएं हाथ के स्पिनर जोएल डेविस को इस मैच में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइन-अप में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया पहले ही तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुका है। टीम इस मुकाबले को अगले सप्ताह शुरू होने वाले साउथ अफ्रीका दौरे की तैयारी के तौर पर भी देख रही है, जहां उसे तीन ODI मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया को हालांकि कैमरन ग्रीन की कमी खलेगी। कंधे की समस्या से जूझ रहे ग्रीन के इस मैच तक फिट होने की उम्मीद थी, लेकिन वह अब भी उपलब्ध नहीं हैं।

जिम्बाब्वे के लिए यह 2026 में घरेलू मैदान पर आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला है। इसके बाद टीम अगले महीने UAE का दौरा करेगी, जहां अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ ट्राई सीरीज खेलेगी। इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैच भी होंगे। 2027 की शुरुआत में जिम्बाब्वे को भारत और पाकिस्तान में ODI सीरीज खेलनी है।

# भारत ने बांग्लादेश को दूसरे सेमीफाइनल में दी करारी मात, गोल्ड मेडल मैच में श्रीलंका से होगा सामना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन गेम्स 2026 के वुमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना बांग्लादेश से हुआ। इस मैच में भारत ने बांग्लादेश को 114 रनों से हराकर सिल्वर मेडल पक्का कर लिया और साथ ही में टीम अब फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही है। अब गोल्ड मेडल के लिए फाइनल मैच में भारतीय टीम का सामना बांग्लादेश से होगा। इस सेमीफाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में 81 रन बनाकर ऑलआउट हो गई है। शेफाली वर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक बनाया। उन्होंने आखिरी गेंद पर 1 रन लेकर 49 गेंदों में 100 रन पूरे किए, जिसमें 3 चौके और 9 छक्के शामिल थे।



वह अंत तक नाबाद रही। यह उनका व्हाइट-बॉल क्रिकेट में पहला शतक है और इसके साथ ही वह एशियन गेम्स में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। उनके अलावा भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 37 रन (19 गेंद) और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 रन (33 गेंद) बनाए। वहीं कमलिन 3 रन, ऋचा घोष 2 रन और भारती फुलमाली नाबाद 9 रन ही बना सकीं। बांग्लादेश की तरफ से मारूफा अख्तर, शंजीदा अख्तर, राबेया खान और नाहिदा अख्तर को 1-1 विकेट मिला। टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही टीम को पहला झटका लगा जब जुएरिया फिरदौस बिना खाता खोले गोल्डन डक बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा। सलामी बल्लेबाज दिलीरा अख्तर, शर्मीन अख्तर (10 रन) सुल्ताना खातून (12 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज डबल डिजिट में स्कोर नहीं बना पाया। दिलीरा 23 बॉल पर 27 रन बनाकर आउट हुई। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और एक छक्का लगाया। बाकी के बल्लेबाज क्रीज पर टिक कर बैटिंग नहीं कर सके। भारत की तरफ से गेंदबाजी में नंदनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। आपको बता दें कि पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। अब गोल्ड मेडल के लिए फाइनल में भारत और श्रीलंका का आमना-सामना होगा। ये मैच 22 सितंबर को खेला जाएगा। जो भी टीम उस मैच को जीतेगी उसे गोल्ड मेडल मिलेगा वहीं हारने वाली टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना होगा।

# स्मृति मंधाना ने बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने एशियन गेम्स 2026 में सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को एकतरफा 114 रनों से मात देने के साथ गोल्ड मेडल मैच के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। टीम इंडिया के लिए इस मैच में ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा का बल्ले से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 49 गेंदों में शतकीय पारी खेलने के साथ एक बड़ा कारनामा भी करने का काम किया। शेफाली वर्मा ने इस मैच में अपनी साथी खिलाड़ी स्मृति मंधाना जिन्होंने 37 रनों की पारी के दौरान टी20 इंटरनेशनल में अपने छक्कों का शतक भी पूरा किया उनको लिस्ट में पीछे छोड़ते हुए महिला टी20 इंटरनेशनल में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया।

टीम की दोनों स्टार ओपनिंग बल्लेबाजों का फॉर्म पिछले काफी समय से शानदार देखने को मिला है, जिसमें स्मृति मंधाना ने बांग्लादेश के खिलाफ एशियन गेम्स में अपनी पारी के दौरान कुल दो छक्के लगाए, जिसके साथ ही वह महिला टी20 इंटरनेशनल में भारत की तरफ से 100 छक्के पूरे करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई, जिसमें उन्होंने यह उपलब्धि 178वें मैच में हासिल की। वहीं शेफाली वर्मा ने इसी मैच में अपनी 100 रनों की नाबाद पारी में कुल 9 छक्के लगाने के साथ महिला टी20 इंटरनेशनल में 100 छक्के पूरे करने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनने के साथ इस मुकाम पर सबसे तेज पहुंचने वाली खिलाड़ी भी बन गई, जिसमें शेफाली ने सिर्फ 118 मैचों में यह उपलब्धि हासिल कर ली। वहीं अब शेफाली भारत की तरफ से महिला T20I में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में 104 सिक्स के साथ पहली पोजीशन पर हैं, तो वहीं स्मृति मंधाना 100 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

महिला टी20 इंटरनेशनल में शेफाली वर्मा अब एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली खिलाड़ी भी बन गई हैं, जिसमें उन्होंने इस मामले में श्रीलंका की चमारी अटापट्टू के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है।

# वजन घटाने के चक्कर में बेहोश हुए MMA फाइटर वरुण सान्याल

### एशियन गेम्स से बाहर होने के बाद टूटा मेडल जीतने का सपना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन गेम्स 2026 में भारत के एमएमए (MMA) खिलाड़ी वरुण सान्याल बिना खेले ही प्रतियोगिता से बाहर हो गए। 77 किलो वर्ग के मैच से पहले वे अपना वजन घटाने के लिए सॉना बाथ ले रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें जांच के बाद खेलने के लिए अनफिट घोषित कर दिया। न्यूज एजेंसी PTI की खबर के मुताबिक अब वे ठीक हैं और खतरे से पूरी तरह बाहर हैं। एशियन गेम्स में आज पहले दिन का खेल जारी है। अब खतरे से बाहर हैं वरुण सान्याल

भारतीय एमएमए स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष निखिल कुंदेरा ने बताया कि खुशकिस्मती से नेपाल के एक खिलाड़ी ने वरुण को बेहोश देखकर उन्हें जगाया। इसके बाद वरुण ने कॉल किया और फिर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं थी, इसलिए देर रात करीब 3 बजे वह वापस होटल आ गए। अब उनकी हालत बिल्कुल ठीक है और वे खतरे से बाहर हैं।

वरुण सान्याल की मुसीबतें सिर्फ वजन घटाने तक ही सीमित नहीं थीं। एशियन गेम्स के लिए नगोया पहुंचने पर उन्हें रहने के लिए कमरा पाने में भी भारी मशक्कत करनी पड़ी।

लंदन से मुंबई और सिंगापुर होते हुए थका देने वाले लंबे सफर के बाद वे पहुंचे थे, लेकिन सिस्टम में नाम दर्ज न होने के कारण उन्हें कमरे के लिए 10 घंटे से भी ज्यादा समय तक यहां-वहां भटकना पड़ा। जब आखिरकार उन्हें कमरा मिला, तब भी समस्या हल नहीं हुई क्योंकि दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों को भी वही




कमरा अलॉट कर दिया गया था। वरुण सान्याल को 77 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में उतरना था लेकिन वे न तो अपना तय वजन हासिल कर पाए और न ही डॉक्टरों की जांच में खेलने के लिए फिट पाए गए।

इस वजह से वे बिना एक भी मैच खेले ही एशियन गेम्स से बाहर हो गए। इस घटना ने एशियन गेम्स की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि नगोया (जापान) में कई अन्य खिलाड़ियों को भी कमरे मिलने में देरी और रहने-सहने से जुड़ी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

## व्यापार

# असम में अडाणी के 3200 MW थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास जीत अडाणी बोले- राज्य में 40,000 रोजगार के अवसर करेंगे पैदा

**धुबरी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज असम के धुबरी जिले के चापर में अडाणी पावर लिमिटेड (APL) के 3200 MW अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (USTPP) की आधारशिला रखी। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर असम की बिजली उत्पादन क्षमता जबरदस्त तरीके से बढ़ जाएगी। 48,000 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट से निर्माण के दौरान 20,000 तक और चालू होने पर लगभग 5000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बड़े मौके पर अडाणी ग्रुप के डायरेक्टर जीत अडाणी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

चापर प्लांट असम में 63,000 करोड़ रुपये के पावर इंवेस्टमेंट का हिस्सा है, जिसे दिसंबर 2030 से अलग-अलग चरणों में शुरू किया जाएगा। अलग-अलग सेक्टर में राज्य में निवेश 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा। कई प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू हो चुका है और इनसे अगले 3-4 सालों में पूरे असम में नौकरियां, इंफ्रास्ट्रक्चर और नए आर्थिक मौके पैदा होंगे। थर्मल पावर प्रोजेक्ट से स्थानीय कॉन्ट्रैक्टर, सप्लायर, ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर और सर्विस प्रोवाइडर के लिए भी अवसर पैदा होंगे, जिससे वे असम में अडाणी ग्रुप के बढ़ते वेंडर इकोसिस्टम में शामिल हो सकेंगे और तरक्की कर सकेंगे।

चापर में अडाणी पावर लिमिटेड (APL) के 3200 MW अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला रखने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा,



"असम तेजी से इस सेक्टर के एनर्जी हब के रूप में उभर रहा है और कई बड़े एनर्जी प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। 3200 MW का चापर प्रोजेक्ट 'एडवांटेज असम इन्वेस्टर समिट 2.0' से बने भरोसे का एक शानदार नतीजा है। लगभग 48,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, ये प्रोजेक्ट असम में अब तक किए गए सबसे बड़े सिंगल इंवेस्टमेंट में से एक होगा। रोजगार के बड़े मौके देने के अलावा, राज्य को बढ़ी हुई आर्थिक गतिविधियों और SGST रेवेन्यू से भी फायदा होगा, जबकि स्थानीय उद्योगों और उद्यमों को उभरते हुए इकोसिस्टम में शामिल होने के मौके मिलेंगे।"

**असम में मिलेगी भरोसेमंद और सस्ती बिजली**

अडाणी ग्रुप के लिए इस बड़े मौके पर डायरेक्टर जीत अडाणी ने कहा, "आज असम के लिए एक नए और अहम अध्याय की शुरुआत हो रही है। अडाणी पावर इस 3200 MW के थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 48,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे घरों, व्यवसायों और उद्योगों को भरोसेमंद और सस्ती बिजली मिल सकेगी। इस प्रोजेक्ट से नौकरियां भी पैदा होंगी और स्थानीय कॉन्ट्रैक्टरों, सप्लायरों और व्यवसायों के लिए मौके खुलेंगे। हमें असम में निवेश करने और राज्य की आर्थिक तरक्की का हिस्सा बनने पर गर्व है।"

# F MCG कंपनियां त्योहारी सीजन में नहीं बढ़ाएंगी उत्पादों के दाम, बिक्री बढ़ाने पर रहेगा जोर

**मुंबई (एजेंसी)।** कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और भू-राजनीतिक परिस्थितियों से लागत पर दबाव बढ़ने के बावजूद FMCG कंपनियां त्योहारों के दौरान उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करने से बच सकती हैं। कंपनियों का जोर फिलहाल उपभोक्ता मांग और बिक्री की मात्रा बनाए रखने पर है। उद्योग से जुड़े सीनियर अधिकारियों के मुताबिक, कंपनियां जून तिमाही में ही लागत बढ़ने के असर को कम करने के लिए चुनिंदा उत्पादों की कीमतों में करीब 2-5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर चुकी हैं। ऐसे में दीपावली तक कीमतों में और बड़ी वृद्धि की संभावना कम है।



एफएमसीजी सेक्टर को चीनी, खाद्य तेल, कॉफी, कोको और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे तेल आधारित उत्पादों की बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था में बाधा और भू-राजनीतिक तनाव ने भी कंपनियों की लागत में बढ़ोतरी की है। हालांकि, कंपनियां लागत नियंत्रण, परिचालन दक्षता और उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव के जरिये बढ़ी हुई लागत का एक बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही हैं। इससे उनके मुनाफे पर दबाव बना हुआ है, लेकिन कंपनियां फिलहाल कीमत बढ़ाने के बजाय बिक्री बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं।

आईटीसी के फूड डिवीजन के सीईओ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेमंत मलिक ने कहा कि कंपनी त्योहारी सीजन के दौरान कीमतों को स्थिर बनाए रखने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि लागत प्रबंधन और पोर्टफोलियो से जुड़े कदमों के जरिये कंपनी बढ़ती जिंस कीमतों के असर को कम करने का प्रयास कर रही है।

डाबर इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी (CFO) अंकुश जैन ने कहा कि कंपनी ने भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बढ़ी लागत के असर को कम करने के लिए पिछले कुछ महीने में उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी परिस्थितियों पर नजर रखेगी और प्रतिस्पर्धी माहौल को ध्यान में रखते हुए फैसले करेगी।

पारले प्रोडक्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी (CMO) मयंक शाह ने कहा कि ज्यादातर एफएमसीजी कंपनियां फिलहाल कीमतें बढ़ाने के बजाय उन्हें स्थिर रखना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में मांग उत्साहजनक बनी हुई है और कंपनियां त्योहारी मौसम में मांग की इस गति को बनाए रखना चाहती हैं। शाह के अनुसार, कम से कम दिवाली तक एफएमसीजी उत्पादों की कीमतों में किसी बड़ी बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

# रायपुर में गीतांजलि सैलॉन का आगाज लॉन्च पर पहुंचीं चित्रांगदा सिंह

**रायपुर (एजेंसी)।** देश के प्रमुख प्रोफेशनल हेयर एवं ब्यूटी ब्रांड्स में शामिल गीतांजलि सैलॉन ने छत्तीसगढ़ में अपने विस्तार की शुरुआत करते हुए रायपुर के ज़ोरा मॉल में अपने नए सैलॉन का शुभारंभ किया। लॉन्च समारोह में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने शिरकत की और ब्रांड के रायपुर आगमन का जश्न मनाया।

इस अवसर पर रायपुर के प्रमुख उद्योगपति, उद्यमी, सोशलाइट्स और शहर की जानी-मानी हस्तियां भी मौजूद रहीं। लॉन्च समारोह में शहर के बिजनेस और सोशल सर्कल की कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति देखने को मिली।



इस मौके पर चित्रांगदा सिंह ने कहा, "यह देखकर हमेशा खुशी होती है कि भारतीय ब्रांड अपनी मजबूत विरासत के साथ लगातार आगे बढ़ रहे हैं और नए शहरों तक पहुंच रहे हैं। गीतांजलि ने हेयर और ब्यूटी के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाई है। रायपुर में इसका आगमन शहर के तेजी से विकसित होते लाइफस्टाइल और ब्यूटी लैंडस्केप में एक नया आयाम जोड़ता है। मुझे इस खास अवसर का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।"

रायपुर में यह लॉन्च गीतांजलि सैलॉन की मेट्रो शहरों से आगे बढ़कर देश के उभरते बाजारों तक पहुंचने की रणनीति का हिस्सा है। ब्रांड का फोकस अब टियर 2 और टियर 3 शहरों में प्रोफेशनल ब्यूटी और हेयरकेयर सेवाओं को उपलब्ध कराने पर भी है।

गीतांजलि सैलॉन के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सेलिब्रिटी हेयरड्रेसर सुमित इसरानी ने कहा, "रायपुर भारत के बदलते ब्यूटी और लाइफस्टाइल मार्केट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आज ग्राहक प्रोफेशनल एक्सपर्टाइज, बेहतर प्रोडक्ट्स और पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। रायपुर जैसे शहरों में हमें बड़ी संभावनाएं दिखाई देती हैं। हमारा उद्देश्य गीतांजलि के अनुभव को देशभर के ग्राहकों के और करीब लाना है।"

1989 में स्थापित, गीतांजलि सैलॉन ने 37 वर्षों में एक सैलॉन से आगे बढ़कर देशभर में अपनी पहचान बनाई है। आज ब्रांड के 50 शहरों में 200 सैलॉन और स्टूडियो हैं। गीतांजलि हेयर, हेयर कलर, स्किन, बॉडी स्पा, हैंड्स एंड फीट, बार्बरिंग और मेकअप सहित विभिन्न प्रोफेशनल ब्यूटी सेवाएं प्रदान करता है।

रायपुर स्थित नए सैलॉन में Kérastase हेयर-केयर पार्टनर के रूप में जुड़ा है, जिससे ग्राहकों को प्रोफेशनल हेयरकेयर रिचुअल्स और प्रीमियम हेयरकेयर प्रोडक्ट्स का अनुभव मिलेगा। यह साझेदारी गीतांजलि के पर्सनलाइज्ड और प्रोफेशनल हेयरकेयर एक्सपीरियंस को और मजबूत करती है।

# बैंकों में लगातार 5 दिनों तक नहीं होगा कोई कामकाम

**मुंबई (एजेंसी)।** अगर आप किसी सरकारी बैंक में अपना बचत खाता चला रहे हैं तो ये खबर आपके लिए बहुत जरूरी और महत्वपूर्ण है। अगर आपको किसी जरूरी काम से बैंक जाना है तो 25 सितंबर से पहले-पहले अपने सारे काम निपटा लें।

26 सितंबर को चौथे शनिवार पर देश के सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी। इसके बाद 27 सितंबर को रविवार की वजह से देश के सभी बैंक बंद रहेंगे।

इसके बाद 28, 29 और 30 सितंबर को लगातार 3 दिन बैंक कर्मचारी हड़ताल करने जा रहे हैं। अगर ये हड़ताल होती है तो बैंकों में लगातार 5 दिनों तक कामकाज बंद रहेगा।

शनिवार और रविवार को लगातार 2 दिनों की छुट्टी के बाद सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लगातार 3 दिनों तक बैंकों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहेगा। इस तरह से बैंकों में लगातार 5 दिनों तक कोई कामकाम नहीं होगा।

# मुचकुंद ऋषि पर्वत पर पर्यटन समिति मेचका ने चलाया स्वच्छता अभियान

## सेवा संकल्प अभियान: 25 वर्ष सेवा में स्वच्छता से प्रकृति सेवा



**धमतरी (वीएनएस)।** सेवा संकल्प अभियान के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में सेवा, संस्कार, जनभागीदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को केंद्र में रखकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। एक ओर जिलेभर में 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्ज्वलित कर सुख, समृद्धि और लोककल्याण की मंगलकामना की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सेवा के इसी व्यापक भाव को प्रकृति एवं पर्यटन स्थलों की स्वच्छता से जोड़ते हुए पर्यटन समिति मेचका द्वारा मुचकुंद ऋषि पर्वत पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मुचकुंद ऋषि पर्वत प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और स्थानीय पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। पर्यटन समिति मेचका के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। अभियान के दौरान पर्वत एवं आसपास के पर्यटन क्षेत्र में बिखरे कचरे को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। साथ ही पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने तथा प्राकृतिक परिवेश को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### मेचका में बढ़ रहा पर्यटकों का आकर्षण

मेचका क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को मिल रहे सकारात्मक प्रतिसाद से यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी उत्साहजनक वृद्धि देखी जा रही है। पर्यटन समिति मेचका से प्राप्त जानकारी के अनुसार (14अगस्त से 14 सितंबर 2026) तक एक माह की अवधि में कुल 5,555 पर्यटकों ने मेचका क्षेत्र का भ्रमण किया। पर्यटकों की सुविधा के लिए संचालित नाका पार्किंग व्यवस्था से अब तक 19,300 रुपये की कुल आवक दर्ज की गई है। पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही क्षेत्र के प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को रेखांकित करती है। ऐसे में पर्यटन स्थलों की स्वच्छता, सुव्यवस्था और प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि सेवा केवल किसी व्यक्ति की सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने गांव, समाज, पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी सेवा का ही स्वरूप है। स्वच्छ पर्यटन स्थल न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ स्थानीय पर्यटन गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को भी प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए लगातार देशवासियों का आह्वान किया जाता रहा है। 'स्वच्छ भारत' के संदेश के अनुरूप स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की आदत और सामूहिक जिम्मेदारी बनाने पर जोर दिया गया है। इसी भावना को स्थानीय स्तर पर आगे बढ़ाते हुए मेचका में आयोजित यह स्वच्छता अभियान जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी उदाहरण बना।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियां जिले में सेवा भावना को जन-जन से जोड़ने के साथ सामाजिक सहभागिता को भी नई दिशा दे रही हैं। 'आशीर्वाद का दीया' जहां सकारात्मकता, आस्था और मंगलकामना का प्रतीक बन रहा है, वहीं मुचकुंद ऋषि पर्वत पर स्वच्छता अभियान यह संदेश दे रहा है कि जिस प्रकृति और विरासत से हमें पहचान मिलती है, उसकी स्वच्छता और संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### कुरूद में उद्योगपतियों एवं उद्यमियों की बैठक आयोजित

**धमतरी।** कुरूद विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, आवश्यक अधोसंरचना के विकास तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आज कुरूद में उद्योगपतियों एवं उद्यमियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक अजय चंद्राकर ने की। बैठक में क्षेत्र में संचालित एवं प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं, उद्यमियों की समस्याओं तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेगा फूड पार्क बगौद में विद्युत सब-स्टेशन का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप फीडर कैनाल से जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मेगा फूड पार्क बगौद एवं जामगांव औद्योगिक क्षेत्र संचालित हैं। वहीं करेली बड़ी, कचना एवं भालूझूलन में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को प्रारंभ करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# विधायक रोहित साहू ने किया तीन सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन, 30 लाख रुपए होंगे खर्च



### गरीब के घर से लेकर देश के निर्माण तक विश्वकर्मा समाज की अहम भूमिका : रोहित साहू

**गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** राजिम विधायक रोहित साहू ने गुरुवार को गरियाबंद नगर में तीन सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। दर्रापारा में पेंशनर समाज, डाकबंगला वार्ड में बौद्ध महर समाज और इंडोर स्टेडियम परिसर में राजमिस्त्री संघ के सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। तीनों भवनों के लिए 10-10 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। यानी इन निर्माण कार्यों पर कुल 30 लाख रुपए खर्च होंगे। विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए उपयोगी केंद्र बनेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

इंडोर स्टेडियम में भूमि पूजन के बाद विधायक ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर समाज के लोगों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर युग में निर्माण कार्यों में भगवान विश्वकर्मा का विशेष महत्व रहा है। आज राजमिस्त्री संघ भगवान विश्वकर्मा के प्रतिनिधि के रूप में देश के निर्माण और नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गरीब के घर से लेकर समाज के लिए जरूरी भवन और व्यवस्थाओं के निर्माण तक विश्वकर्मा समाज का योगदान अहम है। यह समाज मेहनतकश और प्रतिभावान है।

विधायक साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जयंती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। देश के विकास और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें विश्वकर्मा समाज के मेहनतकश लोगों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित हो रहे सेवा संकल्प अभियान में जुड़ने का आव्हान भी किया।

इसके पहले पेंशनर समाज के कार्यक्रम में विधायक साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति से पहले समाज के सदस्यों ने शासकीय सेवा के माध्यम से देश और समाज की सेवा की। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने अनुभवों के जरिए पेंशनर समाज नई पीढ़ी का मार्गदर्शन भी कर रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, आशीष शर्मा, आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, नपा सभापति रेणुका साहू, सूरज सिन्हा, पार्षद पुष्पा साहू, मंडल महामंत्री प्रह्लाद ठाकुर, प्रतीक तिवारी, पंकज निर्मलकर, नंदकिशोर चौबे, संजू साहू, प्रतीक सिंह, वैश्य राठौर, अमित बखारिया, दीपक साहू सहित जनप्रतिनिधि और समाज के लोग मौजूद रहे।

# विधायक रोहित साहू ने ग्राम कोकड़ी को दी 52 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात




**गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत कोकड़ी के रंगमंच मे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ साथ ही बजरंग चौक में आयोजित दो दिवसीय भव्य रामधुनी समारोह का भी रविवार को समापन हुआ। दोनों समारोह के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू थे। कार्यक्रम का विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर ,जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख,भाजपा नेता राजू साहू,जनपद सभापति बबीता परमेश्वर सेन, सरपंच चुम्मन सिंह ध्रुव,उपसरपंच संजू साहू आदि थे। इस अवसर पर विधायक द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण विकास को गति देने के लिए लाखों रुपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन सम्पन्न किया गया।

जिन कार्यों का लोकार्पण किया गया उनमें प्रमुखतः प्राथमिक शाला भवन के पास शेड निर्माण कार्य 10 लाख रुपए ,प्राथमिक शाला से गौठान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 10.40 लाख रुपए ,वार्ड नं. 09 टिकरापारा में सी.सी. रोड निर्माण 5 लाख रुपए शामिल हैं। इसी तरह जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया उनमें पुलिया निर्माण नदी के पास 19.90 लाख रुपए ,शीतला मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख रुपए शामिल है। इस प्रकार ग्राम पंचायत कोकड़ी में लगभग 52 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि भक्ति और संस्कृति ही हमारे गांव की असली शक्ति है। रामधुनी समारोह जैसे धार्मिक आयोजन हमारे समाज को जोड़ने, समरसता बढ़ाने और धार्मिक चेतना जगाने का कार्य करते हैं। आज ग्राम कोकड़ी में एक तरफ जहां प्रभु श्री राम के भजनों की गूंज है, वहीं दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने के लिए सड़क, शेड, सामुदायिक भवन और पुलिया निर्माण जैसे 50 लाख से अधिक के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन हुआ है।

# घर में घुसा दुर्लभ गंधबिलाव, सर्प मित्रों ने किया सुरक्षित रेस्क्यू





**गौरेला (दैनंदिनी ब्यूरो)।** दिनांक 18 सितंबर 2026 को रात लगभग 10:30 बजे गांधी चौक गौरेला निवासी दर्शील जैन के घर में एक वयस्क गंधबिलाव (Civet Cat) घुस आया, जिसे क्षेत्रीय भाषा में कब्र बिज्जू भी कहा जाता है।

घर में वन्य जीव देखे जाने से परिवार में हड़कंप मच गया, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल स्थानीय सर्प मित्रों को दी गई। सूचना मिलते ही सर्प मित्र तुषार वर्मा और बादल कुमार मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद गंधबिलाव का सुरक्षित रेस्क्यू किया। सर्प मित्रों ने बताया कि यह प्रजाति अब विलुप्ति की कगार पर है। यह जीव मुख्य रूप से रात के समय अपने आहार की तलाश में निकलता है। इसे संरक्षित करना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने लोगों की जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि अब लोग जीव-जंतुओं को मारने के बजाय वन विभाग और स्थानीय सर्प मित्रों को सूचना देकर उनका सुरक्षित रेस्क्यू करा रहे हैं, जिससे मानव और वन्य जीव दोनों सुरक्षित रहें। बाद में गंधबिलाव को वन विभाग की मौजूदगी में सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

# पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अपने गृहग्राम में मनाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

### कन्या पूजन, जल संरक्षण का शपथ, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं आशीर्वाद का दिया जलाकर मनाया जन्म दिवस





**गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम मानिकचौरी में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अपने गृह ग्राम पहुंचकर शीतला तालाब में गंगा आरती की तथा जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही गणेश पंडाल के समीप कन्याओं का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना भी की गई। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत माता के सच्चे सपूत हैं। उनके गृह ग्राम बड़गांव जाने का अवसर मेरे लिए भावनात्मक भी है और इसी गांव में उनकी माताजी भी रहती थीं। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद आज भी असंख्य कार्यकर्ताओं के साथ है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मातृशक्ति के आशीर्वाद और भरोसे से व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मातृभूमि की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को विकास के नए मुकाम तक ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर एक छोटे से गांव में जल, पर्यावरण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े संकल्प लिया जाना इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र निर्माण की भावना गांव-गांव तक पहुंच रही है। कार्यक्रम में सरपंच हेमलता साहू, गोविंद तिवारी,अनिल अग्रवाल, बुद्धेश्वर साहू, चुम्मन साहू, ईश्वरी देवांगन,रमेश साहू छविराम साहू गजेंद्र साहू देव सिंह ध्रुव वनिता सेन भावना साहू सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियो की उपस्थिति रही।

# सेवा संकल्प अभियान के आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने भाजपा की बैठक आयोजित




**गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा जिला गरियाबंद की समीक्षा बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू एवं पूर्व कार्यक्रम के जिला समन्वयक जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अभियान के अंतर्गत संपन्न हो चुके कार्यक्रमों की सफलता की समीक्षा करते हुए आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में अब तक आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि 'आशीर्वाद के दीये' कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे जिले में लाखों की संख्या में दीये प्रज्ज्वलित किए गए। इस आयोजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्षों के अवसर पर जनभागीदारी और शुभकामनाओं की भावना को अभिव्यक्त किया गया।

इसी प्रकार 'सेवा चित्र' कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल स्तर पर बच्चों के लिए चित्रकला आयोजन किया गया, जिसकी थीम 'विकसित भारत 2047' रखी गई। इसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाओं के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को चित्रों के जरिए प्रस्तुत किया। बैठक में इन कार्यक्रमों की सफलता और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने सभी कार्यक्रम संयोजकों से आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी संयोजक आपसी समन्वय और सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करें तथा अधिकाधिक लोगों को अभियान से जोड़ें।

विधायक रोहित साहू ने संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षात्मक चर्चा करते हुए आगामी गतिविधियों की तैयारी, आयोजन की रूपरेखा तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने और जनसेवा की भावना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत सेवा स्मरण, आंगन का मिलन , कहानी बदलाव की, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग, इनोवेशन चैलेंज, तथा जनसेवक महाकुंभ पंचायत से पार्लियामेंट तक' के आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा, तैयारियों, संयोजकों की जिम्मेदारियों और जनभागीदारी बढ़ाने के उपायों पर विचार किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्षों को प्रेरणास्रोत मानते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान को जनसेवा ही प्रभुसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। बैठक में सेवा कार्यों को व्यापक बनाने, सामाजिक सहभागिता बढ़ाने तथा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

भाजपा ने संपन्न कार्यक्रमों की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं की सहभागिता की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों को भी सक्रियता, समर्पण और संगठनात्मक समन्वय के साथ प्रभावी रूप से संपन्न कराने का आह्वान किया।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी , जिला मंत्री सुरेंद्र सोंनटेके, मनीष सिन्हा, जगदीश यादव, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, पारस ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, अ जा मोर्चा जिला अध्यक्ष उत्तम राजवंशी, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव, सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखारिया, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हल्मन धुरवा, मिलेश्वरी साहू युवा मोर्चा जिला महामंत्री नंदकिशोर चौबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री थानसिंह निषाद, सहित विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक एवं पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# वीबी-जीरामजी से अब होंगे 375 प्रकार के अनुमेय कार्य : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास को रोजगार, आजीविका और स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ने की दिशा में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीरामजी) का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत अनुमेय कार्यों की संख्या अब 318 से बढ़ाकर 375 कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा ने अनुमेय कार्यों की संख्या में वृद्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि वीबी-जीरामजी के अंतर्गत अनुमेय कार्यों की संख्या 318 से बढ़कर 375 होने से विकास कार्यों को गति प्राप्त होगी और ग्रामीण विकास सुदृढ़ होगा। छत्तीसगढ़ शासन ने मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में 4 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान का लाभ केवल मजदूरी भुगतान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से गांवों में ऐसी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जो आने वाले वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेंगी।

श्री शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए वीबी-जीरामजी के तहत 3,354.85 करोड़ रुपये का अंतरिम आवंटन प्रदान किया गया है। मिशन के अंतर्गत अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दर 261 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन की गई है। रोजगार के दिनों में वृद्धि, मजदूरी दर में सुधार और स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण का यह समन्वय ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा तथा गांवों के समग्र विकास को नई गति देगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत@2047 की परिकल्पना में गांवों को विकास की केंद्रीय इकाई के रूप में महत्व दिया है। वीबी-जीरामजी के माध्यम से रोजगार, आजीविका, जल संरक्षण, कृषि उत्पादकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अधोसंरचना को एक साथ जोड़ने का प्रयास इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को नई दिशा मिली है।



**2027 तक हर बालिका के लिए स्कूलों में शौचालय का लक्ष्य**-वीबी-जीरामजी की कार्य-सूची में शासकीय विद्यालयों की अधोसंरचना को विशेष महत्व दिया गया है। विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, प्रयोगशालाएं, रसोई शेड, परिसर की दीवार और खेल मैदान जैसे कार्य इसके अंतर्गत किए जा सकेंगे। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 26 जनवरी 2027 तक ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में 6,671 बालिका शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। यह पहल बालिकाओं की गरिमा, स्वच्छता और विद्यालयों में बेहतर सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**हर गांव में मुक्तिधाम और प्रतीक्षालय की दिशा में आगे बढ़ रहा राज्य**-ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सामुदायिक अधोसंरचना के विस्तार के लिए राज्य सरकार द्वारा हर गांव में मुक्तिधाम निर्माण का संकल्प लिया गया है। 6,524 गांवों में प्रतीक्षालय सहित मुक्तिधाम के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वीबी-जीरामजी में श्मशान घाट तथा अन्य सामुदायिक अधोसंरचना से संबंधित निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को भी अनुमेय बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य के 10 हजार से अधिक बंद अथवा डिफंक्ट बोरवेलों में सैंड फिल्टर एवं रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा।

**जल सुरक्षा से लेकर भूजल पुनर्भरण तक**-अनुमेय कार्यों की पहली मुख्य श्रेणी में जल संरक्षण और जल सुरक्षा से जुड़े कार्य शामिल हैं। इनमें नहर, बाढ़ नियंत्रण चैनल, चेकडैम, गली प्लग, भूमिगत डाइक, तालाबों का पुनर्जीवन, परकोलेशन टैंक, रिचार्ज पिट और रिचार्ज शाफ्ट, इंजेक्शन वेल, सिंचाई कुएं, माइक्रो एवं ड्रिप सिंचाई चैनल, वाटरशेड भूमि का पुनरुद्धार, वनीकरण एवं पौधरोपण, मृदा-नमी संरक्षण तथा रूफटॉप वर्षाजल संचयन जैसे कार्य शामिल हैं।

### क्यूआर कोड से मिलेगी अनुमेय कार्यों की जानकारी

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बताया कि वीबी-जीरामजी के अंतर्गत 375 अनुमेय कार्यों को 4 मुख्य श्रेणियों और 30 उप-श्रेणियों में व्यवस्थित किया गया है। इनमें 68 प्रकार के व्यक्तिगत कार्य, 99 प्रकार के मरम्मत एवं रखरखाव संबंधी कार्य तथा समूह और सामुदायिक उपयोगिता से जुड़े कार्य शामिल हैं। अनुमेय कार्यों की जानकारी प्रत्येक ग्रामीण तक आसानी से पहुंचे, इसके लिए राज्य में क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अनुमेय कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# रायपुर संभाग के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

रायपुर ■ दैनन्दिनी

रायपुर संभाग के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं जिले के मास्टर ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रतिष्ठा मांगलिक भवन जोरा में शुरू हुआ। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने अतिथियों का पुष्प् गुच्छ देकर स्वागत किया तथा उपस्थित प्रतिभागियों का परिचय कराया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण एआईसीसी के निर्देश पर दिया जा रहा यह अनुशासन का विशेष महत्व है। आप सबको कांग्रेस की रीति



नीति सिद्धांतों के बारे में तीन दिन जानकारी दी जायेगी, विषय विशेषज्ञ आपको पारंगत करेंगे, सभी को तीन दिन के आवासीय शिविर में अनुशासन के साथ रहना है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके राजनैतिक जीवन के लिए यह बड़ा अवसर है। आप सब गंभीरता से शिविर का लाभ ले। पहले दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्तमान राजनीति में धर्म एवं धर्मनिरपेक्षता विषय पर, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ सरकार का राजस्व एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में व्यय विषय पर, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने सामाजिक समरसता के पुरोधा विषय पर, युगल पाण्डेय ने प्रशिक्षण की भूमिका और संगठन सृजन की सार्थकता विषय पर तथा अशोक चतुर्वेदी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा एवं इतिहास विषय पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण के शुभारंभ के दिन पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पीसीसी उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, विधायक संदीप साहू, विधायक द्वारिकाधीश यादव, विधायक चातुरी नंद, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायकगण विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनिता शर्मा, जनक राम वर्मा, विनोद सेवनलाल चंद्राकर, लक्ष्मी ध्रुव, शकुंतला साहू, लेखराम साहू, जिला अध्यक्षगण श्री कुमार मेनन, राजेन्द्र पप्पू बंजारे, सुमित्रा धृतलहरे, तारिणी चंद्राकर, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष अरुण ताम्रकार उपस्थित थे।

# CGPCC इंटरव्यू स्थगित होने से युवाओं के सवाल और गंभीर हुए, सरकार पारदर्शिता के साथ पूरी स्थिति स्पष्ट करे: कांग्रेस

रायपुर ■ दैनन्दिनी

कांग्रेस ने राज्य सेवा परीक्षा-2025 के दस्तावेज सत्यापन एवं इंटरव्यू स्थगित किए जाने को लेकर राज्य सरकार और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से भर्ती प्रक्रिया की पूरी स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि CGPCC द्वारा 20 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तावित दस्तावेज सत्यापन एवं इंटरव्यू प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से 20 विभागों में 265 पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। आयोग ने स्थगन के पीछे "अपरिहार्य कारण" बताए हैं और नई तारीख बाद में घोषित करने की बात कही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केवल साक्षात्कार स्थगित करना ही समाधान नहीं है। आयोग 2025 के मुख्य परीक्षा की कॉपी भी अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराये ताकि अभ्यर्थी उनको दिये गये नंबरों का स्वमूल्यांकन कर संतुष्ट हो सके। आयोग ने 2025 की परीक्षा को मुख्य परीक्षा में 265 पदों के विरूद्ध 795 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू के लिये चयनित नहीं किया है। आयोग ने केवल 608 अभ्यर्थियों को ही इंटरव्यू के लिये योग्य माना है। साक्षात्कार 187 अभ्यर्थी कम पहुंचे है, जो 1:3 के नियम के विरुद्ध है। पीएससी का कहना है कि 187 अभ्यर्थी न्यूनतम 66 और 46 नंबर नहीं प्राप्त कर पाये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 2024 की परीक्षा में अभ्यर्थियों की जो उत्तर पुस्तिका सामने आयी है, उसके अनुसार मूल्यांकन में बड़े पैमाने पर गड़बड़िया सामने आई थी। अभ्यर्थियो को नंबर गलत दिये गये थे। इसलिये यदि आयोग का दावा है कि उसके मूल्यांकन में 187 अभ्यर्थी इंटरव्यू के लिये योग्य नही है तो उसे इसे प्रमाणित करने उत्तर पुस्तिकाये अभ्यर्थियो को इंटरव्यू के पहले उपलब्ध करवाना चाहिये।

# गणेशोत्सव को लेकर रायपुर में बदली ट्रैफिक व्यवस्था, 19 मार्गों पर मध्यम-भारी मालवाहक वाहनों की एंट्री पर रोक

रायपुर ■ दैनन्दिनी

गणेशोत्सव के दौरान शहर में बढ़ रही भीड़ को देखते हुए रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। पुलिस कमिश्नर ने



मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों के शहर में प्रवेश और आवागमन पर प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध 27 सितंबर 2026 तक लागू रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार, रिंग रोड-1 और रिंग रोड-2 की सीमा से शहर की ओर आने वाले 19 प्रवेश मार्गों पर मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन सुबह 5 बजे से रात 2 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़, यातायात नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

तेलीबांधा थाना के सामने चौक
केनाल रोड प्रवेश मार्ग, रिंग रोड-1
महावीर नगर चौक, रिंग रोड-1
राजेंद्र नगर चौक, रिंग रोड-1
पचपेड़ीनाका चौक, रिंग रोड-1
संतोषीनगर चौक, रिंग रोड-1
भाठागांव चौक, रिंग रोड-1
कुशालपुर चौक, रिंग रोड-1
रायपुरा चौक, रिंग रोड-1
डीडी नगर प्रवेश मार्ग, रिंग रोड-1
अरिहंत नगर प्रवेश मार्ग, रिंग रोड-1
टाटीबंध चौक
हीरापुर टर्निंग, रिंग रोड-2
गोगांव तिराहा, रिंग रोड-2
गोंदवारा तिराहा, रिंग रोड-2
पाटीदार भवन के सामने तक भनपुरी
विधानसभा रोड, व्हीआईपी तिराहा
एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे, रिंग रोड-1 से कचना रेलवे क्रॉसिंग

**गणेशोत्सव की भीड़ को देखते हुए लिया गया फैसला**-पुलिस के आदेश के मुताबिक रायपुर शहर में विभिन्न गणेशोत्सव समितियों द्वारा बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्रतिमाओं और साज-सज्जा को देखने के लिए शाम से रात 2 बजे तक बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसके चलते कई स्थानों पर यातायात बाधित हो रहा है और नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों के सुरक्षित आवागमन और यातायात नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश और आवागमन को सुबह 5 बजे से रात 2 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है।

**6 मार्गों पर हल्के मालवाहक वाहनों के लिए भी प्रतिबंध**-पुलिस कमिश्नर के दूसरे आदेश के अनुसार तेलघानीनाका और स्टेशन क्षेत्र में पिकअप, टाटा एस, ऑटो ट्रेलर सहित सभी प्रकार के हल्के मालवाहक वाहनों के आवागमन और प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन वाहनों के लिए पहले शाम 5 बजे से रात 7 बजे तक प्रतिबंध था, जिसे गणेशोत्सव को देखते हुए 27 सितंबर तक बढ़ाकर शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक कर दिया गया है।

### यह प्रतिबंध इन 6 मार्गों पर लागू रहेगा

अग्रसेन चौक से भैंसथान मार्ग-तेलघानीनाका चौक.राठौर चौक से तेलघानीनाका चौक,फाफाडीह चौक-स्टेशन चौक-तेलघानीनाका चौक,चुनाभट्ठी से गुढ़ियारी अंडरब्रिज-नर्मदापारा होकर स्टेशन चौक निकास गेट,कर्मा चौक रामनगर से रामनगर ब्रिज एवं अंडरब्रिज होकर तेलघानीनाका चौक

**नहरपारा संजय गांधी चौक से स्टेशन गुरुद्वारा की ओर**-पुलिस के अनुसार, गणेशोत्सव के दौरान इन क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ जुट रही है। ऐसे में यातायात सुचारू रखने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई गई है।

**28 सितंबर से पुराने प्रतिबंध लागू रहेंगे**-आदेश में स्पष्ट किया गया है कि गणेशोत्सव के बाद 28 सितंबर 2026 से संबंधित क्षेत्रों में वाहनों के लिए पहले से लागू प्रतिबंधित आदेश यथावत प्रभावशील रहेगा।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए अतुल सिंघानिया को अवॉर्ड

रायपुर ■ दैनन्दिनी

जयपुर। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (AHPI) छत्तीसगढ़ चैप्टर के सचिव अतुल सिंघानिया को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उनके नेतृत्व, व्यावसायिक योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर AHPI Emerging Healthcare Leader Award 2026 प्रदान किया गया है. जयपुर में आयोजित AHPI Leadership Summit 2026 के समापन समारोह में राजस्थान शासन में मुख्य सचिव आईएएस वी. श्रीनिवास और नीति आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. विनोद के. पॉल ने अतुल सिंघानिया को सम्मानित किया। एएचपीआई द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उभरते नेतृत्व को प्रोत्साहित करने तथा ऐसे




पेशेवरों के योगदान को पहचान देने की पहल है, जो अपनी संस्थागत जिम्मेदारियों के साथ-साथ व्यापक स्वास्थ्य व्यवस्था के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अतुल सिंघानिया पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से अस्पताल प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की वहनीयता एवं सुलभता, चिकित्सा शिक्षा एवं NEET, स्वास्थ्य बीमा तथा अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संबंधों जैसे विषयों पर AHPI के माध्यम से नीति-स्तरीय चर्चाओं और सुझावों में योगदान दिया है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद अतुल सिंघानिया ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि से अधिक, एक बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। एएचपीआई के राष्ट्रीय नेतृत्व सहित छत्तीसगढ़ चैप्टर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एएचपीआई के साथ जुड़कर उन्हें अस्पताल प्रबंधन की अपनी संस्थागत भूमिका से आगे बढ़कर स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था से जुड़े व्यापक विषयों पर काम करने और अपने विचार साझा करने का अवसर मिला है। उन्होंने श्री नारायणा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुनील खेमका, डॉ. मेघा खेमका तथा पूरे श्री नारायणा हॉस्पिटल परिवार के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान ने उनकी व्यावसायिक यात्रा को एक मजबूत आधार दिया है तथा उन्हें सीखने, आगे बढ़ने और स्वास्थ्य सेवा में योगदान देने के निरंतर अवसर प्रदान किए हैं।

एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि अतुल सिंघानिया के योगदान और नेतृत्व क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। यह सम्मान उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में और व्यापक स्तर पर योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

# शहर के चर्चित परिवार को मिली बिश्नोई गैंग से धमकी , मांगी 50 करोड़ की फिरौती

रायपुर ■ दैनन्दिनी

अब तक दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब में सक्रिय लारेंस बिश्नोई गैंग की धमक छत्तीसगढ़ तक सुनाई देने लगी है. सूत्रों के अनुसार, राजधानी रायपुर के चर्चित राजनीतिक परिवार को गैंग के सदस्य ने फोन पर धमकी देते हुए 50 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है. मामले की जानकारी मिलने के बाद रायपुर पुलिस ने अपनी जांच भी शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, ढेबर परिवार को धमकी भरा फोन कॉल आया था, जिसमें अज्ञात कॉलर खुद को बिश्नोई गैंग से जुड़ा सदस्य बताते हुए फिरौती की माँग की थी. इतना ही नहीं फिरौती समय पर नहीं पहुंचाने की गलती करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की बात भी सामने आई है।



रायपुर सेंट्रल जोन पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है। सायबर सेल की स्पेशल टीम भी पूरे मामले की जाँच में जुटी हुई है। अज्ञात कॉलर की कॉल डिटेल निकाली जा रही है। सायबर टीम अज्ञात कॉलर के नंबरों की तकनीकी जाँच में जुटी हुई है। इस बात का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा की फ़ोन कॉल के पीछे किसका हाथ है। पुलिस टीम आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई है। पुलिस की एक और टीम परिवार से भी पूछताछ कर कुछ अहम जानकारी जुटा रही है। ढेबर परिवार की पुरानी दुश्मनी, हाल फिलहाल में किसी से विवाद होना, अमन साव की गिरफ्तारी के दौरान अनवर ढेबर से किसी प्रकार की बातचीत होना, इन तमाम बिंदुओं पर भी जाँच पड़ताल

# 22 से 25 सितंबर के बीच प्रदेश के 17 जिलों में बारिश के आसार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की विदाई का दौर शुरू हो गया है, लेकिन इसी बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में बन रहा सिस्टम पूरे छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बारिश करवा सकता है। ऐसे में अब लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 से 25 सितंबर के बीच प्रदेश के कई स्थानों में बारिश का दौर जारी रहेगा। वहीं रविवार को भी राज्य के अधिकांश जिलों में झमाझम बारिश की संभावना बनती दिख रही है। इन जिलों में अलर्ट मौसम विभाग के मुताबिक, 22 से 25 सितंबर के बीच प्रदेश के कई स्थानों में बारिश होने के आसार है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं रविवार को भी राज्य के अधिकांश जिलों में झमाझम बारिश होने की संभावना है, अगर बात करें राजधानी रायपुर की तो यहां भी सुबह से ही बादल छाएं हुए है, जिससे बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज राजधानी रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा, दुर्ग, कोरिया, कबीरधाम, बालोद, राजनांदगांव, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बस्तर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी.

# चोरी, मारपीट और नशीली दवाओं के मामले में पांच एफआईआर

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राजधानी में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी, मारपीट, छेड़छाड़ और नशीली दवाओं से जुड़े पांच मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**देवपुरी में 1.09 लाख की ई-स्कूटी चोरी**-टिकरापारा थाना क्षेत्र में कमल जवाहर गुरुद्वारा के सामने देवपुरी से एक लाख नौ हजार रुपये कीमत की ई-स्कूटी चोरी हो गई। शिकायतकर्ता सुरेंद्र पाल ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर की रात करीब 11 बजे अज्ञात चोर वाहन ले गया। पुलिस ने 19 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मामला कायम किया है।

**पुरानी बात को लेकर युवक से मारपीट**-कोतवाली थाना क्षेत्र के बैरन बाजार कुंदरापारा में पुरानी बात को लेकर विवाद के बाद युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता खुशी नायक के अनुसार आयुष सितका और उसके तीन अन्य साथियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

**शराब के लिए पैसे नहीं देने पर हमला**-आजाद चौक थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए पैसे मांगने और इनकार करने पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। वासुदेवपारा निवासी मोहम्मद साबीर ने शिकायत में बताया कि रामू वासुदेव और मनराखन वासुदेव ने पैसे मांगने के बाद गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया।

**महिला का हाथ पकडऩे पर आबकारी एक्ट में केस**-उरला थाना क्षेत्र के कमा चौक के पास महिला को कथित रूप से बेइज्जत करने की नीयत से हाथ-बांह पकडऩे का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मनोहरण दुबे के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत अपराध दर्ज किया है। आजाद चौक थाना पुलिस ने सत्तांछी मंदिर के सामने खाली प्लॉट से नशीली दवाओं के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# यूजर चार्ज पर ब्याज वसूली से महापौर नाराज

रायपुर ■ दैनन्दिनी

महापौर मीनल चौबे ने निगम अधिकारियों से पूछा कि क्या जनता सिर्फ टैक्स देने के लिए है, उसे बेहतर सुविधाएं कौन मुहैया कराएगा। राजस्व अधिकारी पहले स्वयं अधिनियम जान ले, इसके बाद टैक्स की प्रक्रिया तय करें। महापौर यह कहते हुए भड़क गईं कि यूजर चार्ज में किस नियम के तहत ब्याज वसूला जा रहा है। इस दौरान अधिकारी हक्का-बक्का रह गए।

निगम मुख्यालय में कल राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने बकाया राजस्व, पार्ट-पेमेंट, भवन पूर्णता प्रमाणपत्र, विभिन्न कॉलोनियों में कर वसूली तथा निगम की लीज संपत्तियों से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की।

**जल कर और यूजर चार्ज पर नहीं लगेगा ब्याज**-महापौर ने स्पष्ट किया कि जल कर एवं यूजर चार्ज पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लगाया जाएगा। साथ ही बकाया राशि के पार्ट-पेमेंट की व्यवस्था को सरल एवं पारदर्शी बनाने तथा ऑनलाइन भुगतान पोर्टल पर पार्ट-पेमेंट की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम का राजस्व बढ़ाना है, लेकिन गलत तरीके से नहीं।

**लीज अवधि समाप्त संपत्तियों का पहले होगा नवीनीकरण**-महापौर ने नगर निगम की लीज पर दी गई उन संपत्तियों की भी समीक्षा की, जिनकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में पहले नियमानुसार लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी करने कहा, इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाए।

**कॉलोनियों के हैंडओवर और कर वसूली की फाइलवार जांच**-महापौर ने ऐसी कॉलोनियों की फाइलवार जांच के निर्देश दिए, जिनका नगर निगम को विधिवत हैंडओवर हुआ है अथवा नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि हैंडओवर की स्थिति, निगम द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा कर निर्धारण एवं वसूली के आधार को स्पष्ट किया जाए। साथ ही डायवर्सन की तिथि से कर निर्धारण की प्रक्रिया को लागू करने के निर्देश दिए गए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **ब्रजेश शुक्ला** द्वारा नगर निगम कार्यालय के पीछे, मुकुटनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं आसमां पब्लिशर्स जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित। **संपादक- ब्रजेश शुक्ला,** RNI-CHHHIN/2010/34274, फोन-0771-4059450, ई-मेल-mail2dainandini@gmail.com